WORLD Sickle Cell DAY JUNE 19

दैनिक
सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

JUNE 19
INTERNATIONAL DAY FOR
THE ELIMINATION OF SEXUAL VIOLENCE IN CONFLICT

वर्ष 52/ अंक 297/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, सोमवार 19 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

मुख्यमंत्री ने भिण्ड जिले के 5 व्यक्तियों को औचक फोन लगा कर जानी समस्या, दिये त्वरित समस्या समाधान के निर्देश

ग्वालियर। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिण्ड जिले की श्रीमती सुनीता देवी, रामकरण प्रजापति, श्रीमती शकुंतला देवी, देवेन्द्र गोयल और मुनेंद्र सिंह भदौरिया से औचक फ़ोन लगा कर उनकी समस्याएँ जानी। मुख्यमंत्री को पाँचों व्यक्तियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि समस्या कोई भी हो, मेरे रहते जरा भी घबराएँ या चिंता नहीं करें। सबकी समस्या का न्यायोचित समाधान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने फोन पर कलेक्टर को शिकायत और समस्या का त्वरित, न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान से मिले निर्देश के अनुपालन में कलेक्टर द्वारा गठित संबंधित अधिकारियों के दल ने पाँचों व्यक्तियों के घर पहुँच उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। भिंड के वार्ड क्रमांक 24 हनुमान नगर जामना रोड़ निवासी श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री रामशंकर ने बताया कि उनके खाते में लाड़ली बहना योजना की राशि नहीं आई। जाँच में पाया गया कि श्रीमती सुनीता की डीबीटी इनेबल्ड नहीं है। अधिकारियों ने उनका पोस्ट ऑफिस बैंक में डीबीटी इनेबल्ड खाता खुलवा कर उन्हें आश्वस्त किया कि एक सप्ताह में बैंक खाते में राशि पहुँच जाएगी। श्रीमती सुनीता ने समस्या के त्वरित समाधान पर संतोष व्यक्त कर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

इंदौर के इस प्रसिद्ध मंदिर में लागू हुआ ड्रेस कोड, अब इन श्रद्धालुओं को नहीं मिलेगा प्रवेश

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर के प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी वेंकटेश मंदिर प्रशासन ने भारतीय संस्कृति और परम्परा को बचाने के उद्देश्य से श्रद्धालुओं के लिए ड्रेसकोड लागू कर दिया है। मंदिर में अब बरमूडा, मिनी स्कर्ट,हाफ पैंट पहने श्रद्धालुओं को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्हे अब मंदिर के बाहर से ही दर्शन कर लौटना होगा।

तिरुपति बालाजी वेंकटेश मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर और मंदिर के भीतर दो नोटिस बोर्ड लगाए गए हैं। जिस पर लिखा गया है कि सभी महिला-पुरुष मंदिर परिसर में मर्यादित वस्त्र पहनकर प्रवेश करें, छोटे वस्त्र या कटी-फटी जींस पहने लोगों को बाहर से ही दर्शन करने होंगे। मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि कई दिनों से देखने में आ रहा था कि लोग अमर्यादित वस्त्र पहनकर मंदिर में आ रहे थे, देवस्थान की एक गरिमा है, जिसका पालन करना सभी का कर्तव्य है। इस तरह के कड़े निर्णय लेने वाला इंदौर का यह पहला मंदिर है। मंदिर प्रबंधन के मनोज मोदी ने बताया कि भारतीय संस्कृति की गरिमा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

मध्यप्रदेश एमएसएमई समिट 2023 का शुभारंभ, शिवराज बोले-

हमें मिलकर प्रदेश और देश को आगे बढ़ाना है

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हमें अपने प्रदेश को आगे बढ़ाना है। अपने बच्चों को आगे बढ़ाना है। बेरोजगारों को रोजगार देना है। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। अपनी नीतियों में हमें जहां परिवर्तन करना होगा, हम करेंगे। इसमें कुछ न कुछ निकलना चाहिए। आप आए, बैठे और निकल गए, इससे कुछ नहीं होगा। मन में एक जुनून होना चाहिए। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व का नंबर एक देश बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने होटल आमेर ग्रीन्स, भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश एमएसएमई समिट 2023 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने आर्थिक विकास के शुभ संयोग- मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग पर आयोजित राज्य-स्तरीय समिट का शुभारंभ किया। समिट में एमएसएमई और विज्ञान-प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, प्रमुख सचिव पी नरहरि, भोपाल की महापौर मालती राय, अनेक उद्योग परिसंघ के पदाधिकारी, नव उद्यमी, भारत सरकार और राज्य के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं।

श्री चौहान ने कहा- हम ही हैं, जो देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं। हम आगे बढ़ेंगे तभी देश और प्रदेश आगे बढ़ेगा। आपके चिंतन और मंथन से जो अमृत निकलेगा, हम उसके आधार पर लघु उद्योगों के लिए नीति बनाएंगे और उस पर अमल करेंगे। सबसे पहली चीज उत्साह है। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। हम और कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर विचार किया जाना चाहिए। उस पर काम करना होगा। प्रदेश के लिए बेहतर क्या होगा, इस पर आप सोचिए, अमल हम करेंगे।

- फोटो पेज 3 पर देखे

मुंबई में हिंदू संगठन ने आदिपुरुष का शो रुकवाया, कई जगह विरोध

मुंबई। प्रभास और कृति सेनन स्टारर फिल्म आदिपुरुष को लेकर विवाद जारी है। मुंबई के नालासोपारा में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने रविवार शाम को फिल्म का शो रुकवा दिया। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने थिएटर में पहुंचकर नारेबाजी की और दर्शकों से हॉल के बाहर जाने को कहा। इसके बाद शो रद्द कर दिया गया।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रविवार की शाम हिंदूवादी संगठनों ने रैली निकाली। कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए मॉल के अंदर घुस गए। पुलिस ने इन्हें रोकने के लिए बैरिकेडिंग भी की थी, लेकिन वे इसे तोड़कर मॉल के अंदर घुस गए। इसके बाद हॉल के सामने बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करके हटाया।

ग्वालियर-चंबल के ऊपर से निकल रहा बिपरजाय, श्योपुर में तेज बारिश शुरू

ग्वालियर। गुजरात के समुद्री तटों से टकराने के बाद चक्रवाती तूफान बिपर्जय कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। राजस्थान में सक्रिय कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से रविवार को ग्वालियर में भी मौसम बदला नजर आया। दिन में मध्यम से घने बादल छाए रहे और शहर के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। इसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अब अगले 24 से 48 घंटों में शहर में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है, क्योंकि आज रात तक बिपर्जय के कम दबाव का क्षेत्र ग्वालियर-चंबल संभाग के ऊपर से गुजरेगा। बिपर्जय के प्रभाव से श्योपुर में तेज बारिश शुरू हो गई है। साथ ही अंचल के ग्वालियर, मुरैना में भी सुबह हल्की बारिश हुई है। अभी भी बादल छाए हुए हैं।

राजस्थान के 4 जिलों में बाढ़, अब तक 7 की जान गई

बिपरजॉय तूफान के कारण राजस्थान में भारी बारिश का दौर जारी है। जयपुर मौसम केंद्र ने सोमवार को टोंक, बूंदी, कोटा, बारा, दौसा, सवाईमाधोपुर, करौली में भारी बारिश की संभावना जताई है। यहां ऑरेंज अलर्ट तो अजमेर, जयपुर भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, धौलपुर के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। अजमेर में बारिश भी शुरू हो गई। पिछले 24 घंटों में राज्य के कई जिलों में बारिश हुई। कई स्थानों पर 300 मिमी यानी 12 इंच तक बारिश रिकॉर्ड की गई।

उद्यमिता एवं निवेश का अनुकूल परिवेश

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

मध्यप्रदेश एमएसएमई समिट 2023

19 जून, 2023, प्रातः 9.30 बजे
होटल आमेर ग्रीन्स, नर्मदापुरम मार्ग, भोपाल

मुख्य अतिथि
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

गरिमामयी उपस्थिति
ओम प्रकाश सखलेचा
मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
मध्यप्रदेश शासन

श्रीमती इमरती देवी
अध्यक्ष
मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम

सत्र
- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से एमएसएमई का आधुनिकीकरण
- वित्तीय समाधान के नए आयाम
- क्लस्टर विकास
- एमएसएमई को परिस्थिति अनुरूप समर्थ बनाना और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाना
- उद्यमिता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण
- डिजिटल परिवर्तन की आवश्यकता

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

आर्थिक विकास के शुभ संयोग
प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11048/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

राज-काज: मप्र में हिमाचल, कर्नाटक दोहरा पाएंगी प्रियंका...

दिनेश निगम 'त्यागी'

जून के दूसरे हफ्ते में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के मप्र दौरे से कांग्रेस ने अपनी रणनीति साफ कर दी है। प्रियंका जिस तरह हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में सक्रिय थीं, उसी तर्ज पर मप्र विधानसभा चुनाव में सक्रिय होने वाली हैं। हिमाचल और कर्नाटक की तरह अपनी पहली रैली में ही उन्होंने कांग्रेस की सत्ता आने पर 5 गारंटियों की घोषणा कर दी है। यह प्रदेश में प्रियंका का चुनाव प्रचार का आगाज माना जा रहा है। लोगों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस मप्र में भी हिमाचल, कर्नाटक को दोहरा पाएगी?

मप्र के राजनीतिक हालात भी हिमाचल और कर्नाटक से अलहदा नहीं हैं। उन दोनों प्रदेशों की तरह मप्र में भी कांग्रेस का संगठन मजबूत है। भाजपा से कांग्रेस का सीधा मुकाबला है। कर्नाटक की तरह मप्र में भी कांग्रेस ने बाहरी समर्थन से सरकार बना ली थी। लेकिन वहां की तरह यहां भी विधायकों को तोड़कर भाजपा सत्ता में आई। हालांकि हिमाचल और कर्नाटक में आमतौर पर सत्ता बदलती रहती है लेकिन मप्र में ऐसा नहीं है। 15 माह छोड़ दें तो यहां 18 साल से लगातार भाजपा सत्ता में काबिज है। भाजपा को पिछले चुनाव में एंटी इन्कबेंसी का सामना करना पड़ा था, इस बार भी इसका असर हो सकता है। नजर राहुल गांधी और प्रियंका पर है, ये दोनों यहां कितना समय दे पाते हैं, क्योंकि मप्र सहित 5 राज्यों के चुनाव एक साथ होंगे।

एक दर्जन निकायों के चुनाव 'खतरे की घंटी

प्रदेश के अलग-अलग जिलों के निकायों में 13 पार्षदों के लिए हुए चुनाव बाहर से देखने में ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं हैं लेकिन नतीजे कई संकेत देते हैं। भाजपा-कांग्रेस के लिए ये चुनाव परिणाम 'न हम हारे, न तुम जीते' जैसे भी हैं क्योंकि दोनों दल लगभग बराबरी पर हैं। भाजपा ने 7 वार्डों में जीत दर्ज की है और कांग्रेस ने 6 में। बावजूद इसके दोनों अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। भाजपा खुश है क्योंकि कमलनाथ के छिंदवाड़ा में भाजपा ने जीत दर्ज कर ली है और कांग्रेस इसलिए क्योंकि स्थानीय चुनावों में भी वह भाजपा की बराबरी पर है।

भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने एक वार्ड का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां कांग्रेस 20 साल बाद जीती है। यह भाजपा-कांग्रेस का अपना-अपना नजरिया है, लेकिन नतीजे दोनों दलों के लिए खतरे की घंटी बजा रहे हैं। भाजपा लंबे समय से सत्ता में है, इसलिए वार्डों के चुनाव में उसे नहीं हारना चाहिए, क्योंकि आमतौर पर स्थानीय चुनाव सत्तारूढ़ दल के पक्ष में जाते हैं। इससे साफ है कि जमीनी स्तर पर लोगों के बीच भाजपा का ग्राफ गिर रहा है। कांग्रेस को भी इसलिए ज्यादा खुश नहीं होना चाहिए क्योंकि वह छिंदवाड़ा जैसे अपने गढ़ में हार गई। लिहाजा भाजपा-कांग्रेस दावा चाहे जो करें लेकिन ये चुनाव दोनों के लिए खतरे की घंटी हैं और सबक भी।

फिर बाहर आया नेतृत्व में बदलाव का जिन्न- भाजपा में नेतृत्व परिवर्तन का मसला जिन्न जैसा हो गया है। चाहे जब चर्चा में आता और चाहे जब गायब हो जाता है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष के प्रदेश दौरे के बाद यह जिन्न एक बार फिर बाहर है। कहा जा रहा है कि संतोष का दौरा प्रदेश नेतृत्व में बदलाव को लेकर चल रही कवायद का हिस्सा भी है। केंद्रीय एवं

राज्य नेतृत्व के बीच सेतु का काम कर रहे हैं राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय। खबर है कि संतोष और सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश की कैलाश विजयवर्गीय के साथ प्रदेश में संभावित बदलाव को लेकर चर्चा हुई है।

भाजपा सरकार और संगठन में अब बदलाव यानि भटकाव- इस संदर्भ में कैलाश भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से मिलकर पूरी रिपोर्ट देंगे। कैलाश पहले से इस कवायद का हिस्सा हैं। हालांकि अब भी इन खबरों को अंतिम मत मानिए, यह सिर्फ कयास ही हैं, जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा के केंद्र में है। राजनीतिक जानकार प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना से इंकार नहीं कर रहे हैं, यह सरकार स्तर पर होगा या संगठन स्तर पर, इसे लेकर कोहांसा छंटा नहीं है। भाजपा और संघ के बीच लगतार यह फीडबैक पहुंच रहा है कि मप्र में भाजपा आसानी से जीतने की स्थिति में नहीं है। इसके लिए संगठन और सरकार का नेता बदला जाए या मंत्रिमंडल में फेरबदल करने से काम चल सकता है, इसे लेकर कवायद चल रही है।

भाजपा-कांग्रेस में 'नहले पर दहला' की चाल- विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर भाजपा-कांग्रेस के बीच ताश के पत्तों की तरह 'नहले पर दहला' चला जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'लाड़ली बहना योजना' की घोषणा की। इसके रिस्पांस को देखकर कांग्रेस को पैरों के नीचे से जमीन खिसकती दिखी। शिवराज ने बहनों के खातों में एक हजार रुपए प्रतिमाह डालने की बात की थी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ सक्रिय हुए और उन्होंने जवाबी 'नारी सम्मान योजना' का वादा कर दिया। इसके तहत उन्होंने महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा कर दी

दोनों योजनाएं महिलाओं के बीच लोकप्रिय होती दिखीं। नतीजतन, शह-मात के इस खेल में मुख्यमंत्री चौहान ने 'लाड़ली बहना योजना' के तहत दी जाने वाली राशि को आने वाले समय में 3 हजार रुपए प्रतिमाह तक करने की घोषणा कर नई चाल चल दी। हालांकि हर कोई जानता है कि ये चुनावी घोषणाएं हैं लेकिन चूंकि भाजपा सत्ता में है, इसलिए 10 जून से 'लाड़ली बहना योजना' के एक हजार रुपए महिलाओं के खातों में पहुंचना शुरू हो गए। कांग्रेस ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर और कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम जैसे अन्य कई वायदे कर रखे हैं। मुख्यमंत्री चौहान भी लगभग हर वर्ग के लिए नई-नई योजनाएं लागू कर रहे हैं। जनता को किसकी चाल पसंद आई, यह चुनाव नतीजे बताएंगे।

छिंदवाड़ा में भाजपा के युवा संदीप का कमाल- छिंदवाड़ा में भाजपा के युवा चेहरे संदीप सिंह चौहान ने कमाल कर दिया। इस युवा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और सांसद नकुलनाथ की नाक के नीचे से जीत छीन ली। जीत भी चौतरफा। लगभग हर पोलिंग बूथ में संदीप को अच्छे वोट मिले। वार्ड का चुनाव यह युवा लगभग साढ़े 4 सौ वोटों के अंतर से जीता। नतीजा बताता है कि छिंदवाड़ा में भाजपा भले कमलनाथ की कांग्रेस को न हरा पाए लेकिन लोगों से सतत संपर्क में रहने वाला कोई भी व्यक्ति बाजी मार सकता है। संदीप को छिंदवाड़ा भाजपा का उभरता युवा चेहरा कहा जाए तो अतिशंयोक्ति नहीं। उसके लगातार लोगों के संपर्क में रहने और पार्टी गतिविधियों में सक्रिय रहने की खबर है। भाजपा नेतृत्व को चाहिए कि वह संदीप जैसे युवाओं को कांग्रेस के गढ़ों में आगे बढ़ाए और पुराने हो चुके चेहरों को घर बैठ कर मार्गदर्शन करने को कहे। इस रणनीति से ही कांग्रेस के गढ़ों को ढहाया जा सकता है। हालांकि नरेंद्र मोदी-अमित शाह की भाजपा में यह परंपरा शुरू हो चुकी है। भाजपा हर चुनाव में अपने कुछ विधायकों को घर बैठा देती है। कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस भी जीतने की क्षमता वाले नेताओं को टिकट देने लगी है। इसके लिए सर्वे को आधार बनाया जाने लगा है। संभवत- पहली बार कांग्रेस अपने कुछ मौजूदा विधायकों के टिकट काटने वाली है।

शक्ति रन में लिया 1000 से अधिक युवाओं ने महिला सुरक्षा का संकल्प

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगरीय पुलिस, एक्शन एड, संगिनी एवं मध्य प्रदेश पर्यटन निगम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शक्ति रन रैली में लगभग 1000 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा भोपाल के विभिन्न स्थानों पर वंचित समूह की बालिका सशक्तिकरण हेतु आयोजित सृजन कार्यक्रम के विभिन्न बालिकाओं एवं युवाओं द्वारा आज शक्ति रन में भाग लिया गया। उल्लेखनीय है कि शक्ति रन का प्रात: 7 बजे शौर्य स्मारक से अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी एवं पुलिस उपायुक्त मुख्यालय विनीत कपूर द्वारा फ्लैग ऑफ़ किया गया।

इस अवसर पर श्री गोस्वामी द्वारा राज्य स्तरीय अभिमन्यु अभियान की शपथ ग्रहण कराई एवं युवाओं को महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति आगे आने एवं सामाजिक बुराइयों को दूर कर इस हेतु प्रतिबद्ध होने के लिए कितने आह्वान किया गया। इसी के साथ ही महिला थाने से 80 महिला बाइकर्स रैली जो महिला थाने से प्रारंभ होकर अटल पद से होते हुए गौरवी पहुँची एवं ISBT से 75 सेफ़ ऑटो रैली ISBT से शुरू होकर कमलापति रेलवे स्टेशन से होते हुए गौरवी पहुँची। इन तीनों रैलियों का समापन वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर गौरवी में हुआ।

धार्मिक गुरू साई संजय मसंद के सान्निध्य में 51 बच्चों का हुआ जनेऊ संस्कार

संत हिरदाराम नगर। संत नगर बेहटागांव स्थित स्वामी टेंऊराम आश्रम में रविवार को सिंधी समाज का सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन किया गया। समाज के प्रमुख धार्मिक गुरू साई संजय मसंद के सान्निध्य में जनेऊ संस्कार सम्मेलन पूजा अर्चना और बहिराणा साहब से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद पंडित जयकुमार शर्मा के द्वारा 51 बालकों को जनेऊ का पवित्र धागा वैदिक रीति से पहनाया गया। जनेऊ संस्कार के बाद भण्डारें का आयोजन हुआ आयोजन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पूज्य संत बाबा सुखरामदास मसंद सुखझील सेवा ट्रस्ट द्वारा विगत 6 वर्षों से बच्चों का सामूहिक जनेऊ संस्कार सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन से एक दिन पहले शोभा यात्रा और शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जनेऊ संस्कार समाज के जो लोग विवाह समारोह में इस रस्म को अदा नहीं कर पाते है। वे इस सम्मेलन में जनेऊ संस्कार बच्चों का करवाते हैं। संतों द्वारा नई पीढ़ी को इसके महत्व की जानकारी भी दी जाती है ताकि युवा पीढ़ी सनातन एवं संस्कारों को समझे। फिजूलखर्ची रोकने के उद्देश्य से ट्रस्ट ने यह पहल की है। सामूहिक आयोजन से समाज के गरीब एवं मध्यम वर्ग को बिना किसी खर्च के रस्म अदा करने की सुविधा मिलती है। इस दौरान उन्हें जरूरी सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है।

हैप्पी डेज स्कूल ने दिए शिक्षा को नए आयाम

भोपाल। बागमुगलिया स्थित हैप्पी डेज स्कूल विगत 25 वर्षों से इस क्षेत्र में शिक्षा को लेकर सक्रिय है हैप्पी डेज स्कूल के संचालक जितेन सिंह ने बताया कि 1999 में उनके द्वारा इस स्कूल को शुरुआत की गई थी उस समय इस क्षेत्र में शिक्षा को लेकर ज्यादा व्यवस्था नहीं थी वह शिक्षा के क्षेत्र में समाज सेवा के जरिए कार्य करते हैं एव अनेक गरीब छात्रों की सहायता करते हैं

कटारा हिल्स स्थित किड्स गार्डन स्कूल का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

भोपाल। कटारा हिल्स नागपुर स्थित किड्स गार्डन स्कूल में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट परिणाम हासिल की दसवीं की परीक्षा में जहां अधिकतम अंक 5व्र रहे वहीं 12वीं की परीक्षा में 87व्र अधिक अंक हासिल किए संस्था के संचालक गोविंद पाठक ने बताया कि उनके स्कूल के छात्र मधु किश्वर को मुख्यमंत्री की मेधावी छात्र योजना में लैपटॉप प्राप्त होगा सन 2000 में स्थापित किड्स गार्डन स्कूल इस क्षेत्र में शिक्षा के लिए विशेष प्रयास कर रहा है एवं गरीब छात्रों के लिए सहायता प्रदान भी करता है

सेंट बेनेडिक्ट एकेडमी का परिणाम शत प्रतिशत

भोपाल। बागमुगलिया स्थित सैंट बेनेडिक्ट अकैडमी ने सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में दसवीं की परीक्षा में परिणाम हासिल किए हैं प्रिंसिपल सिस्टर बेंसी ने बताया कि सैंट बेनेडिक्ट अकैडमी क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करती है संस्था के पास विशाल भवन ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा उपलब्ध है सिस्टर बेंसी ने कहा कि सेंट बेनेडिक्ट एकेडमी का उद्देश्य शिक्षा के जरिए समाज सेवा करना है।

स्वस्थ समाज के सृजन में एक और कदम

भोपाल। सामाजिक उत्थान के कार्यों में अग्रणी रहने वाली डॉ. वृंदा ठाकुर को समाज के सृजन हेतु राष्ट्रीय सनातन सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष(भवानी सेना) के रूप में मनोनीत किया गया। महाराजा रामशाह सिंह तोमर की तीनों पीढ़ियों के त्याग, बलिदान, कर्तव्य परायणता एवं शौर्य गाथा के उपलक्ष में ग्वालियर से कुलदेवी मंदिर ऐसाह तक पराक्रम स्वाभिमान यात्रा निकाली गई। सभी इष्ट मित्रों सत्येंद्र सिंह सॉंगोली, नारायण नामदेव, जीपी शर्मा, जितेंद्र शर्मा, देवेंद्र उपाध्याय,डॉ.जितेंद्र झारिया, डॉ. ज्ञानेश शाक्य, जितेंद्र आर्य , आशुतोष पांडे, राजेश वनवासी, शैलेश श्रीवास्तव, सुतीक्ष्ण कुमार सक्सेना, संजय ठाकुर, पी .बी .ठाकुर, श्रीमती माया राजपूत, वंदना झारिया ,मेघा ठाकुर, शैली ठाकुर, वैष्णवी ठाकुर, पूनम आर्ये , साक्षी उपाध्याय, गीता देवी द्वारा नवीन पद मिलने पर बधाइयां दी गई।

धवल सेफ्टी इंडिया इंडस्ट्रियल यूनिट का शुभारंभ

भोपाल बगरोदा इंडस्ट्रियल एरिया भोजपुर पर धवल सेफ्टी इंडिया की इंडस्ट्रियल यूनिट का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर पूर्व क्षेत्रीय पार्षद कामता पाटीदार मंडीदीप इंडस्ट्रियल एसोसिएशन

के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे धवल सेफ्टी इंडिया के संचालक द्वय स्वप्निल जैन एवं प्रतीक जैन ने बताया कि उनके द्वारा सभी सेफ्टी प्रोडक्ट्स इंडस्ट्री रोड कंस्ट्रक्शन उपलब्ध कराए जाते हैं उनके द्वारा स्थापित औद्योगिक प्रतिष्ठान के उत्पादों से लोगों की जिंदगी सुरक्षित हो ऐसी कामना करते हैं मंडीदीप इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने युवा संचालकों को उनके नए उद्योग के लिए शुभकामनाएं दी धवल सेफ्टी इंडिया दो वेंचर्स कनक ट्रेडिंग कंपनी एवं इंस्टेंट सेल्स एंड सर्विसेज भी संचालित करती है।

भाजपा जिलाध्यक्ष की मौजूदगी में सुनीं प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

संत हिरदाराम नगर। देश की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को संत हिरदाराम नगर मंडल वार्ड क्रमांक 5 के बूथ क्रमांक 96 पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित पचैरी की मुख्य उपस्थित व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, विधानसभा संयोजक चंद्रप्रकाश ईसरानी की मौजूदगी में संत हिरदाराम हाल वन ट्री हिल्स पर सुनी गई। जिसमें प्रधानमंत्री ने सामूहिकता का उल्लेख किया। सामूहिक शक्ति से हर कार्य आसानी से किया जा सकता है। इसका उदाहरण प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों की सफलता ने दिया है। इस अवसर पर सुशील वासवानी रमेश जनयानी, कमल प्रेमचंदानी, वासुदेव वाधवानी, सुमित आहुजा, राजेश लालवानी, हर्षित दुबे, बिहारी सर्राफ आदि उपस्थित थे।

इन्द्रदेव को प्रसन्न करने रामचरित मानस पाठ और हवन का आयोजन

संत हिरदाराम नगर। बजरंग सेना समिति द्वारा रविवार को सुबह 9 बजे मॉं काली मंदिर हलालपुर पर हवन किया गया। रामचरित मानस हवन समिति के अर्चक पुरोहित पं. राजकुमार गर्ग द्वारा यज्ञ सम्पन्न करवाया गया। इस मौके पर भगवान इन्द्र देव से अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना की गई, हवन के बाद हनुमान जी की आरती कर हथप्रसादी वितरण किया गया।

पं. राज कुमार गर्ग ने बताया कि रामचरित मानस पाठ करने से बिना किसी संकल्प के समस्त मनोरथ सिद्ध होने लगते है। रामचरित मानस 40 दिनों तक पूर्ण कर लेना चाहिए। पं. गर्ग ने बताया कि हर साधक को प्रतिदिन 108 बार ''कवन सो काज कठिन जग माही जो नहीं होई तात तुम्ह पाई'' मंत्र का उच्चारण करना चाहिए। इस अवसर पर बजरंग सेना समिति के सलाहाकार प्रभू मूलचंदानी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, सचिव जगदीश सांवले, राजकुमार धानुक, शिवानी, आयुष उपस्थित थे।

सिंधी नाटक दुनिया आहें दिल वारन जी के मंचन पर बजी तालियां

संत हिरदाराम नगर। वीना कला एवं सेवा समिति द्वारा सिंधी हास्य नाटक का भव्य आयोजन किया गया। नंदवानी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में रंग समूह ग्रुप भोपाल द्वारा नाटक दुनिया आहें दिल वारन, जी का मंचन किया गया। जब नाटक दुनिया आहें दिल वारन जी चालू हुआ तो दर्शको को भरपूर मजा आया। ये नाटक संत हिरदाराम नगर शहर के युवा लेखक राकेश शेवानी द्वारा हिंदी से सिंधी मे अनुवाद करके लिखा गया हैं, वही इन इस नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक बुलानी द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम रिदम असनानी ने इष्टदेवता भगवान झूलेलाल साईं के भजन से नृत्य पेश करके कार्यक्रम की शुरुवात की, उसके बाद एन. डी. ग्रुप समूह का नृत्य हुआ, हलो-हलो मेले में हलो, यह कार्यक्रम वीना कला एवं सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया था, नाटक मे कई कलाकारों ने हिस्सा लिया, गुल पहलाजानी, मीना पहलाजानी, विजय ज्ञानचंदानी, ज्योति चावला, सरिता ख्यानी, राकेश शेवानी, भावना जगवानी, कल्पना चंदानी, तन्मय वासवानी, जानवी भावनानी,, मीता जेसवनी, विकास दादलानी शामिल थे। कार्यक्रम का मंच संचालन तन्मय वासवानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर हीरो ज्ञानचंदानी, साध्वी द्रोपदी धनवाणी, साबुमल रिझवानी, आनंद सबधानी, जगदीश आसवानी, माधू चाँदवानी, राजकुमार वाधवानी, अशोक मरण, महेश खटवानी, किशोर साधवानी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

फिटजी भोपाल के छात्र सोहम सहस्त्रबुद्धे जेईई एडवांस्ड 2023 में भोपाल सिटी टॉपर बने

भोपाल। अपने मूल डीएनए के अनुरूप जहां जीतना एक आदत है, फिटजी जेईई एडवांस, 2023 में अपने छात्रों की प्रभावशाली सफलता की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। फिटजी सभी सफल छात्रों को उनके लगातार उत्कृष्ट परिणामों के लिए बधाई देता है और उन्हें सफलता की कामना करता है।

सोहम सहस्त्रबुद्धे, भोपाल सिटी टॉपर, ने जेईई एडवांस 2023 में एआईआर-487 हासिल किया है। वह फिटजी भोपाल सेंटर के 3 साल के संयुक्त कार्यक्रम के छात्र हैं। संकल्प ओंकार (भोपाल रैंक 2), ने जेईई एडवांस 2023 में एआईआर-598 हासिल किया है। वह फिटजी भोपाल केंद्र के चार वर्षीय संयुक्त कार्यक्रम का छात्र है। ओजस वृष्णेय (भोपाल रैंक 3), ने जेईई एडवांस्ड 2023 में एआईआर-613 हासिल किया है। वह फिटजी भोपाल सेंटर के सुप्रीम - फोर इयर इंटीग्रेटेड स्कूल प्रोग्राम के छात्र हैं।

यह पहली बार नहीं है जब फिटजी के छात्रों ने जेईई में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। फिटजी 77 से अधिक केंद्रों में राष्ट्रीय उपस्थिति वाला एकमात्र संस्थान है और लगातार देश भर में अपने सभी केंद्रों में उत्कृष्ट परिणाम देता है और हर दूसरे संस्थान की तरह नहीं है जो एक या दो केंद्र आश्चर्य की कहानी है। यह तैयारी और पढ़ाने के फिटजी के तरीके की प्रभावकारिता का प्रमाण है और फैकल्टी की श्रेष्ठता को साबित करता है, और भारत के सबसे भरोसेमंद संस्थानों में से एक, फिटजी में अद्वितीय पैटर्न-प्रूफ शिक्षण के तौर-तरीके हैं। सिटी टॉपर सोहम सहस्त्रबुद्धे काफी रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, आईआईटी में जगह बनाना बचपन से ही मेरा सपना रहा है और इस सपने को पूरा करने में मदद करने के लिए मैं फिटजी का आभारी हूं। फिटजी की अनूठी शिक्षण पद्धति ने पैटर्न प्रूफ तरीके से जेईई की तैयारी में मेरी काफी मदद की है। फिटजी की अच्छी तरह से प्रशिक्षित फैकल्टी ने विज्ञान और गणित की मेरी मौलिक अवधारणाओं को मजबूत करने में मदद की, जिसने मुझे जेईई एडवांस्ड में जटिल और पेचीदा समस्याओं को रचनात्मक रूप से हल करने में मदद की। सुमित श्रीवास्तव, सेंटर हेड, फिटजी भोपाल कहते हैं प्रारंभिक सिद्धांतों से मौलिक तरीके से छात्रों को तैयार करना, अवधारणाओं की गहन समझ और विश्लेषणात्मक क्षमताओं के विकास पर ध्यान केंद्रित करने से हमारे छात्रों को एक बार फिर फायदा हुआ है। फिटजी में हमारा उद्देश्य गंभीर इच्छुक छात्रों को इस तरह प्रशिक्षित करना है कि वे जेईई में सफलता हासिल करने के लिए तैयार हों। फिटजी के अर्ली एज प्रोग्राम छात्रों को जेईई के लिए अपनी तैयारी जल्दी शुरू करने के लिए डिजाइन किए गए हैं और उन्हें कठिनाई के स्तर में लंबी छलांग लगाने और जेईई में शीर्ष रैंक हासिल करने में मदद करते हैं।

प्रत्येक वर्ष जेईई में हमारे छात्रों की सफलता इस तथ्य की गवाही देती है कि पैटर्न प्रूफ अध्ययन सामग्री के साथ शिक्षण का हमारा अनूठा तरीका छात्रों में सर्वश्रेष्ठ लाने में सफल रहा है। हम अपने सभी सफल छात्रों के साथ-साथ अपने शिक्षकों को भी इसे संभव बनाने के लिए उनके कठिन प्रयास के लिए बधाई देते हैं।

एमसीयू आवासीय परिसर के जिम का कुलपति प्रो. सुरेश ने किया उद्घाटन

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित नवीन आवासीय परिसर में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ.) केजी सुरेश ने लचित बोरफुकन व्यायाम शाला का उद्घाटन किया । प्रो सुरेश ने इस अवसर पर कहा कि काम के साथ-साथ स्वास्थ्य भी बहुत आवश्यक है, इसीलिए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, अधिकारियों और शिक्षकों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए जिम को बनाया गया है । उन्होंने कहा कि इस व्यायाम शाला (क्लब हाउस) में अत्याधुनिक जिम के उपकरण हैं, इनडोर गेम में टेबिल टेनिस, कैरम, शतरंज हैं, वहीं स्वीमिंग पूल भी क्लब हाउस में बनाया गया है । प्रो. सुरेश ने कहा कि होली मिलन, दीवाली मिलन, जन्मदिन पार्टी या अन्य परिवारिक कार्यक्रमों, समारोहों का आयोजन भी इस क्लब हाउस में आप सभी आवासीय परिसर के लोग कर सकते हैं । इस विशेष अवसर पर कुलपति प्रो सुरेश ने बिशनखेड़ी स्थित नवीन परिसर का नाम माखनपुरम करने की घोषणा की ।

मध्यप्रदेश एमएसएमई समिट-2023

भोपाल में आज एमएसएमई समिट का शुभारंभ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, भोपाल महापौर मालती राय, प्रमुख सचिव पी नरहरि सहित अधिकारी एव उद्योगपति यहां मौजूद रहे।

संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में पूर्व छात्राओं का हुआ समागम

संत हिरदाराम नगर। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में संत हिरदाराम ओल्ड गर्ल्स एसोसिएशन द्वारा संस्था के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्राओं को एक मंच प्रदान करना था, जिससे कि वह पुन: अपने छात्र जीवन की यादों को

जीवन्त कर अपने सफलता के अनुभव को साझा कर सकें।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल नारायण पारवानी, संस्था के उपाध्यक्ष श्री हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव श्री ए.सी. साधवानी, प्रशासनिक अधिकारी श्री भगवान बाबानी, प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की पूर्व छात्राएं सुश्री संध्या मालवीय, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, डॉ बी.आर. अंबेडकर यूनिवर्सिटी ऑफ सोशल साइंसेस, महू (इंदौर), सुश्री अभिलाषा शर्मा, नेटवर्क कंसल्टिंग इंजीनियर, सिस्को, सुश्री चन्द्रा पवार, सिविल जज चयनित, सुश्री सलोनी शर्मा, सहायक संचालक, शिक्षा विभाग (म.प्र. लोक सेवा आयोग चयनित), सुश्री दिव्या भावनानी,भारतीय रिजर्व बैंक, सुश्री आयुषी सक्सेना, टी.सी.एस. नागपुर, सुश्री समरा अख्तर, डाइटिशियन, बंसल हॉस्पिटल, सुश्री रितु मनवानी, मध्यप्रदेश जेल विभाग, सुश्री दीपा आडवानी,पंजाब नेशनल बैंक, सुश्री प्रज्ञा गुप्ता एवं सुश्री सुनीता रामचंदानी सहित समस्त शिक्षक एवं बड़ी संख्या में पूर्व छात्राएं उपस्थित थीं।

जवाहर चौक जैन मंदिर परिसर में 21 जून को विशाल भावना योग

भोपाल। राजधानी भोपाल के विभिन्न मंदिरों में योग शिविर लगाए रहे हैं जिसका भव्य समापन 21 जून को योगाचार्य नवीन जैन के निर्देशन में जवाहर चौक जैन मंदिर में होगा जिसमें महातीर्थ सम्मेद शिखर जी से मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ऑनलाईन संदेश देंगे।

योगाचार्य नवीन जैन देश-विदेश के अनेक शहरों में भावना योग के माध्यम से स्वस्थ समाज, स्वस्थ भारत का अभियान चला रहे हैं। योगाचार्य नवीन जैन ने भावना योग के बारे में विस्तार से बताया कि वर्तमान जीवनशैली के कारण कम आयु के लोग लंबी बीमारियों से ग्रसित हैं जबकि किसी भी तन की बीमारी का संबंध मन से होता है कहा जाता है मन स्वस्थ तो तन स्वस्थ । इसलिये मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज की प्रेरणा और मंगल आशीर्वाद से भावना योग के द्वारा स्वस्थ तन, निर्मल मन और आत्मा को पवित्र बनाने का माध्यम भावना योग है। क्योंकि मुनिश्री का कहना है कि मन स्वस्थ रहेगा. मन में उत्साह रहेगा तो व्यक्ति सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज और देश की उन्नति में अपना संपूर्ण योगदान दे सकेगा।

भोपाल में होगा प्रधानमंत्री मोदी का रोड शो, सीएम शिवराज ने तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

भोपाल। विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही महीने बचे हैं और सभी राजनीतिक दल भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। प्रदेश की शिवराज सरकार भी कई बड़े ऐलान करके सभी को साधने का प्रयास कर रही है। वही कई दिग्गज नेता भी मध्यप्रदेश की जमीन पर पहुंच रहे हैं। अभी पिछले दिनों ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह मध्य प्रदेश के दौरे पर आए थे।

अब 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात देंगे। अब मध्यप्रदेश को एक साथ दो वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। दो और वंदे भारत ट्रेन की सौगात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जून को देने जा रहे हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी राजधानी भोपाल की रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और यहां से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। जिसके चलते रानी कमलापति स्टेशन से इंदौर का सफर आसान हो जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल और शहडोल के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को इसकी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी के बूथ स्तर कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने अधिकारियों से कहा कि तैयारी बेहतर तरीके से हो। इस बात का ख्याल रखें कि कहीं कोई चूक ना हो।

जानकारी के मुताबिक प्रधानमोदी जिन दो वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। उसमें एक इंदौर तो दूसरी जबलपुर चलेगी। हालांकि अभी तक रेलवे की तरफ से किसी भी तरह का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 अप्रैल 2023 को ही रानी कमलापति हजरत निजामुद्दीन के बीच वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अधिकारियों की माने तो रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर दो पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें प्लेटफार्म नंबर 1 से इंदौर के लिए वंदे भारत ट्रेन रवाना होगी, जबकि जबलपुर के लिए प्लेटफार्म दो से चलेगी इसको लेकर तैयारी जोरों शोरों से चल रही है।

चुनावी वर्ष में कर्मचारियों को शिवराज सिंह दे सकते हैं डीए का तोहफा

भोपाल। मध्य प्रदेश में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सभी वर्गों को साधने में जुटे हैं। महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना तो युवाओं के लिए सीखो कमाओ योजना लागू की जा चुकी है। किसानों को ऋण ब्याज माफी देने के बाद अब सरकार की नजर कर्मचारियों पर है।

कर्मचारियों को साधने के लिए कई घोषणाएं जल्द ही की जा सकती हैं। इसमें महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ाने के साथ लिपिक संवर्ग को चार स्तरीय वेतनमान और पदनाम दिया जा सकता है। संविदा, पंचायत और रोजगार सहायकों की मांग को लेकर वित्त विभाग विचार-विमर्श कर रहा है। कर्मचारी आयोग ने पेंशन नियम में भी परिवर्तन प्रस्तावित कर दिया है।

मध्य प्रदेश में सभी संवर्गों के साढ़े सात लाख नियमित कर्मचारी और साढ़े चार लाख पेंशनर हैं। सवा दो लाख संविदा कर्मचारी 20 प्रतिशत पदों पर नियमित करने के साथ सौ प्रतिशत वेतन देने तो 22 हजार रोजगार सहायक मानदेय में वृद्धि और पंचायत सचिव पद पर समायोजन करने की मांग कर रहे हैं।

लिपिक संवर्ग के 60 हजार से अधिक कर्मचारी चौथे समयमान वेतनमान और पदनाम देने को लेकर कई बार ज्ञापन दे चुके हैं। चुनावी वर्ष में कर्मचारियों की मांगों को लेकर कांग्रेस गंभीर है और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा कर चुके हैं। उधर, राज्य सरकार भी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर हुई है। राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के माध्यम से कर्मचारियों की मांगों की जानकारी ली जा चुकी है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रारंभिक विचार-विमर्श भी कर लिया है। चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा इसी माह हो सकती है। अभी कर्मचारियों को 38 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। जबकि, केंद्र सरकार इसे बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर चुकी है। जुलाई में फिर वृद्धि संभावित है। कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा का कहना है कि मुख्यमंत्री कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर हैं और जल्द ही निर्णय होगा।

संविदा- वर्ष में एक बार सेवा का आकलन कर निरंतरता की प्रक्रिया को समाप्त कर सौ प्रतिशत वेतन। अभी 90 प्रतिशत वेतन मिलता है। लिपिक- राज्य प्रशासनिक, राज्य पुलिस, राज्य वन सेवा और वित्त सेवा संवर्ग की तरह चौथा समयमान वेतनमान और पदनाम। पंचायत सचिव और रोजगार सहायक- सातवें वेतनमान के अनुरूप वेतन में वृद्धि और सचिव के रिक्त पदों पर रोजगार सहायक को प्राथमिकता दी जा सकती है। पेंशनर-आश्रित विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा बेटी को भी परिवार पेंशन की पात्रता होगी। आश्रित 25 वर्ष की आयु के बाद दिव्यांग हो जाता है, तो भी परिवार पेंशन मिलेगी। उस वसूली प्रकरण में पेंशन से राशि काटी जा सकेगी, जिसकी सूचना सेवानिवृत्ति से पहले दी गई हो। पेंशन प्रकरण में विलंब के लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष के कथित ऑडियो वायरल होने से मचा बवाल, प्रदेश कांग्रेस ने पद से हटाया

उज्जैन। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भदौरिया के एक कथित ऑडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने पर कांग्रेस में राजनीतिक बवाल मच गया है। इसी बीच प्रदेश कांग्रेस ने तत्काल कदम उठाते हुए उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भदौरिया को पद से हटा दिया है।

बताया जाता है कि उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र से टिकट के लिए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष और कॉन्ग्रेस नेता नूरी खान अपने समर्थकों के साथ पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ से मिलने गई थी। इसको लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भदौरिया का एक पार्टी कार्यकर्ता के साथ कथित ऑडियो वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कह रहे हैं कि उज्जैन धार्मिक शहर है यहां कोई मुस्लिम कांग्रेस प्रत्याशी नहीं हो सकता। इस ऑडियो में कथित रूप से पूर्व विधायक डॉ बटुक शंकर जोशी के संबंध में भी अनर्गल टिप्पणी की गई है।

ऑडियो में कहा गया है कि उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र से माया त्रिवेदी एवं उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से राजेंद्र वशिष्ठ का प्रत्याशी बनना लगभग तय है। इधर कांग्रेस नेता नूरी खान ने ऑडियो पर आपत्ति लेते हुए कहा कि इसकी शिकायत में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं से करेंगी।उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से कांग्रेस संगठन के लिए काम कर रही हैं और प्रदेश उपाध्यक्ष हैं।कमलनाथ हमारे नेता हैं और उनसे मिलने के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है और यदि मेरे समर्थकों द्वारा टिकट की मांग की गई है तो इसमें क्या गलत है। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भदौरिया ने इस कथित वायरल हो रहे ऑडियो के बारे में कहा कि इस तरह मेरी किसी से बातचीत नहीं हुई। मेरे नाम से यह ऑडियो किसने वायरल कर दिया इसकी शिकायत में भी करूंगा।

स म्पा द की य

संवादों में बेहूदापन

प्रभास और कृति सेनन स्टारर फिल्म आदिपुरुष के संवादों को लेकर पूरे देश में सियासत गरमाई हुई है। इस मामले में जहां कांग्रेस बीजेपी को घरेने में लगी हुई है, वहीं बीजेपी के कई नेता भी इस फिल्म का विरोध कर रहे हैं। कुछ खुलकर विरोध कर रहे हैं, तो कुछ दबी जुबान से। केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने तो फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी है।

केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने इस संबंध में लगातार दो ट्वीट किए हैं। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा कि फिल्म आदिपुरुष, जो रामायण पर आधारित है। जिसमें हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम, माता जानकी, वीर हनुमान एवं अन्य चरित्रों का फिल्मांकन जिस तरीके से किया गया है पात्रों के मुंह से जिस प्रकार से भद्दे डायलॉग्स बोले गये हैं इससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

असल में हम लोग बचपन से ही हनुमान जी को ज्ञान,शक्ति और भक्ति के प्रतीक के रूप में देखते रहे हैं। उनके संवाद भक्ति भाव से परिपूर्ण होते हैं या फिर चेतावनी के तौर पर। परंतु उनके संवादों में हलकापन कभी नहीं सुना, भले ही कितनी ही रामलीलाएं देख ली हों, कितनी ही रामायणों का मंचन देखा हो। परंतु इस फिल्म में भगवान राम को युद्धक राम और बजरंग बली को एंग्री बर्ड के रूप में दिखाया गया है। जो बहुत क्रोधित हैं।

आंखें लाल हैं, बाल बिखरे हुए हैं। इस प्रकार की कल्पना ना हमारे पूर्वजों ने की थी ना ही आज का समाज स्वीकार करता है। आदिपुरुष फिल्म के संवाद और भाषा काफी अमर्यादित हैं। तुलसीदास ने रामायण में भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा है। मर्यादित शब्दों का चयन किया गया है, लेकिन आदिपुरुष में हनुमान जी के पात्र का डायलॉग बेहद ही निम्न स्तर के हैं।

लोग आज भी किसी रामायण या रामचरित मानस के मंचन या प्रदर्शन की रामानंद सागर के रामायण सीरियल से ही तुलना करते हैं, जो पिछले कई दशकों में सबसे लोकप्रिय साबित हुआ। सीरियल जब आता था, उस समय बाजार बंद हो जाता था, गाड़ियां रुक जाती थी, काम-धाम छोड़कर सब रामायण का इंतजार करते थे। जिन घरों में टीवी हुआ करता था, वहां पूरा मोहल्ला एकत्र हो जाता था।

आदिपुरुष के बहाने भगवान राम और हनुमान की तस्वीर को पहले विकृत किया गया और अब उनके पात्रों से अमर्यादित शब्द बुलवाए गए हैं। हमारे आराध्य देव जिनके प्रति हमारी आस्था है, उनके पात्रों से ऐसा शब्द बुलवाना बेहद आपत्तिजनक है। इसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। आज की पीढ़ी जो ये देखेगी, उस पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

आज ओटीटी या अन्य मंचों पर देखें तो, शब्दों की मर्यादा खत्म हो गई है, लेकिन जो लोग छोटी-छोटी बातों पर जो थिएटर बंद कराते थे। आग लगाते थे। आज भी विरोध करते हैं, तोड़फोड़ करते हैं, आदिपुरुष के घटिया संवादों के नाम पर मौन धारण किए हुए हैं। तमाम कांग्रेस के नेता बीजेपी पर निशाना साध रहे हैं। कथाकथित राजनीतिक दल के लोग जो धर्म के ठेकेदार बनते हैं। आखिर वे इस मामले में मौन क्यों हैं? कश्मीर फाइल्स और केरल स्टोरी को लेकर बीजेपी और धर्म के ठेकेदार बयान देते रहे हैं, लेकिन आदिपुरुष को लेकर मौन साधे हुए हैं। क्या संवाद लिखने वाले इनके सहयोगी हैं, इसलिए? क्या संवाद लिखने वाले इनके ही बीच के हो गए हैं इसलिए? संवाद लेखक की एक खास बात यह है कि अचानक वो अपनी जाति भी लिखने लगे हैं, जबकि पहले नाम के साथ तखल्लुस ही लिखा करते थे।

सवाल तो उठेंगे। आखिर कैसे सेंसर बोर्ड ने एक ऐसी फ़िल्म को प्रमाण पत्र दे दिया जो हमारी आस्था से खिलवाड़ कर रही है, हमारे आराध्य का मजाक उड़ा रही है? देखा जाए तो फिल्मों को लेकर आज लोग बहुत संवेदनशील हो रहे हैं। लेकिन क्या कुछ खास विचारधारा के खिलाफ ही अभियान चल रहा है? क्या चेहरे और नाम देखकर ही समर्थन और विरोध किया जा रहा है? क्या कुछ मुद्दों को लेकर ही विरोध किया जाता है? आखिर हम कहां जा रहे हैं? यदि धर्म की ही बात करें तो आदिपुरुष का विरोध क्यों नहीं हो रहा? क्या हमारे धर्म के ठेकेदार, प्रवचनकर्ता इन संवादों के समर्थन में हैं? क्या वो चाहते हैं कि इस तरह के अभद्र संवाद आने वाले समय में फिल्मों में आम हो जाएं? क्या हम समाज को ऐसे गर्त की ओर ले जा रहे हैं, जहां लोग अपने परिजनों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करें? हमारे धार्मिक ग्रंथों में हमें ऐसी शिक्षा नहीं मिली। हमारी संस्कृति ने हमें यह नहीं सिखाया। जो मौन हैं, वो इस बेहूदा संवाद के समर्थक हैं, व्यावहारिक भाषा के पतन के संवाहक हैं।

सीएम का दिल्ली में अमित शाह से मिलने का राजनीतिक मंतव्य

सुरेश तिवारी

इन दिनों भाजपा में क्या चल रहा है, इस पर कांग्रेस

के अलावा उनकी भी नजर है, जो राजनीति की हर चाल को समझते हैं। यही कारण है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की बुधवार को अचानक दो घंटे के लिए हुई दिल्ली यात्रा इन दिनों सुर्खियों में है। बताया गया कि सीएम दिल्ली गए और गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर लौट आए। सीएम के दिल्ली जाने और अमित शाह से मिलकर आने के बीच कोई बड़ा राजनीतिक मंतव्य दिखाई दे रहा है!

इन्हीं में से एक अनुमान है संभवत भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की जगह चुनाव से पहले किसी और नेता को जिम्मेदारी सौंपने का फैसला हुआ है। अनुमान है कि बहुत जल्द भाजपा को नया अध्यक्ष मिलेगा! लेकिन, वह कौन होगा अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ। इस संदर्भ में जो नाम लिए जा रहे हैं, उनमें एक नाम कैलाश विजयवर्गीय का भी है।

इसका एक कारण यह है कि मालवा-निमाड़ में भाजपा की कमजोरी पिछले चुनाव में ही सामने आ गई थी। समझा जा रहा है कि यदि इसी इलाके के किसी नेता को कमान सौंपी जाए तो पार्टी की स्थिति में सुधार संभव है। लेकिन, फैसला अभी पार्टी के पाले में है कि आने वाले दिनों में क्या होता है! किसी भी नेता को पार्टी की कमान सौंपी जाती है तो उसके सामने चुनौतियों का अंबार होगा!

दिल्ली में वरिष्ठ आईएएस अफसर की सीएम से मुलाकात

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की गत बुधवार 2 घंटे की दिल्ली यात्रा सियासी और प्रशासनिक दृष्टि से चर्चा में रही। इस संक्षिप्त यात्रा के दौरान जहां वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले वही मध्यप्रदेश कैडर के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विवेक अग्रवाल उनसे मिलने मध्य प्रदेश भवन पहुंचे। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1994 बैच के अधिकारी विवेक अग्रवाल केंद्र सरकार में अपर सचिव स्तर के अधिकारी हैं और महत्वपूर्ण विभाग संभाले हुए हैं। बता दें कि मध्यप्रदेश में विवेक अग्रवाल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सचिव रह चुके हैं। उन्हें मुख्यमंत्री का विश्वसनीय और निकट अधिकारी माना जाता है। यह नहीं कहा जा सकता कि उन दोनों के बीच किस मुद्दे को लेकर लम्बी चर्चा हुई। लेकिन, यह निश्चित है कि यह चर्चा महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर ही हुई होगी। क्योंकि, आखिर 15 मिनट की चर्चा में दोनों के बीच जरूर कुछ ना कुछ तो पका होगा।

ये होता है पर्यावरण संरक्षण का सही काम!

पर्यावरण संरक्षण की बातें करना और उपदेश देना बहुत आसान है। पर, इस दिशा में ठोस कदम उठाना उतना आसान नहीं होता। पर, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र ने अपने पर्यावरण प्रेम को साबित किया और उसे सार्थक भी किया। उन्होंने पर्यावरण दिवस पर मांडू की विश्व प्रसिद्ध खुरासानी इमली की जियो टैगिंग की शुरुआत की।

जिला प्रशासन ने सभी विभागों को इस संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं। ख़ास तौर पर नगर परिषद मांडू, वन विभाग और राजस्व विभाग को अपने क्षेत्र के ऐसे पेड़ों की जियो टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वे पेड़ जो निजी भूमियों पर हैं, उनकी भी जियो टैगिंग होगी। ये अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

कलेक्टर ने एक जारी करके भी जिले वासियों से अपील की है कि खुरासानी इमली के दुर्लभ पेड़ों के साथ सदियों पुराने प्राचीन पेड़ों के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करें। अपने फोटो इन दुर्लभ पेड़ों के साथ खिंचवा कर पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने खुरासानी इमली के पेड़ों को नायाब और दुर्लभ बताते हुए इसके संरक्षण की बात कही। इस दुर्लभ इमली के पेड़ों को पहले हैदराबाद की एक कंपनी को यहां से उखाड़कर वहां लगाने की अनुमति मिल गई थी। लेकिन, प्रियंक मिश्र ने उस कंपनी को इस काम से उस समय रोका जब ऐसे पेड़ को जड़ समेत उखाड़कर ट्रक पर ले जाया जा रहा था। यहां तक कि उस पेड़ को फिर से वहीं लगा दिया गया और अब उस पेड़ ने जब भी पकड़ ली।

मुख्यमंत्री की अनोखी पहल

अभी तक किसी मुख्यमंत्री ने पार्टी के लिए वह काम नहीं किया, जो शिवराज सिंह शुरू कर रहे हैं। उन्होंने हर हफ्ते प्रदेश के एक जिले के मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को बुलाकर उनसे चर्चा करने का कार्यक्रम बनाया है। अभी तक मुख्यमंत्री की पार्टी की बड़े नेताओं से ही बात होती रही है या जिले के अध्यक्ष और पदाधिकारियों से।

लेकिन, पहली बार देखा जा रहा है कि कोई मुख्यमंत्री मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री हाउस में बुलाकर उनसे चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे। उस स्थान के राजनीतिक हालातों और चुनाव में पार्टी की संभावनाओं पर उनकी बातों को सुनेंगे।

इंदौर की घटना से सरकार उलझन में फंसी

इंदौर में पिछले दिनों हिंदूवादी संगठनों ने नशे के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पलासिया थाने का घेराव किया था। इस चौराहे को शहर का सबसे व्यस्ततम

चौराहा माना जाता है। शाम साढ़े 7 बजे जब यातायात पूरे जोर पर था, तो हिंदूवादी नेताओं ने इस चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। यह चक्का जाम एक घंटे से ज्यादा समय तक रहा। चारों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोग परेशान हो गए। पुलिस ने चक्का जाम करने वाले हिंदू वादियों को समझाने की कोशिश की, पर वे नहीं माने। अंततः पुलिस को चक्का जाम हटाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

यही वह मुद्दा था, जो विवाद का कारण बन गया। बाद में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए बजरंग दल और संघ के नेताओं को छोड़ दिया। लेकिन, पुलिस की पिटाई विवाद का कारण बन गया और बात सरकार तक पहुंची। गृहमंत्री ने भोपाल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को इस मामले की जांच सौंपी। पर, उससे पहले पलासिया थाने के टीआई और एक आईपीएस अधिकारी को हटा दिया गया। यह वो मुद्दा था जिसने सरकार को उलझन में डाल दिया। क्योंकि, सरकार अभी तक अपना स्टैंड क्लियर नहीं कर पाई है कि उन्हें हिंदूवादी नेताओं का चक्का जाम करना सही लगा या पुलिस का लाठीचार्ज करके उन्हें हटाना! क्योंकि, दोनों मुद्दे एक दूसरे से जुड़े हैं। लेकिन, इसमें जो सबसे महत्वपूर्ण बात थी, जनता को होने वाले परेशानी, जिसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं गया।

यह भी महत्वपूर्ण है कि जब सरकार ने भोपाल के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विपिन माहेश्वरी को जांच सौंप दी, तो फिर आईपीएस को हटाने का फैसला जल्दबाजी में क्यों किया गया! इसके बाद भी अभी हिंदूवादियों की मांग पूरी नहीं हुई। उनका कहना है कि और एक आईपीएस और दो टीआई और हैं जिन्हें हटाया जाए।

पीएम मोदी के धार के कार्यक्रम को क्यों बदला गया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब 27 जून को धार के बजाए शहडोल जिले के लालपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे यहां से 17 राज्यों के लिए सिकलसेल-एनीमिया मिशन का शुभारंभ करने वाले हैं। पहले यही कार्यक्रम धार में होने वाला था। इसके लिए कॉलेज ग्राउंड का चयन भी कर लिया गया था। लेकिन, अचानक कार्यक्रम में बदलाव किया गया।

इ स के प्र शासनिक कारण कुछ भी हों, पर यदि ये कार्यक्रम पूर्व नि र्धा रि त कार्यक्रम के अनुसार धार में होता तो इसका असर पूरे पश्चिमी एमपी विशेषकर आदिवासी और निमाड़ अंचल के 4-5 जिलों में होता और भाजपा को उसका राजनीतिक फ़ायदा मिलता। पिछले चुनाव में यहां भाजपा को 66 में से 16 सीटें मिली थी, जो जिसने पार्टी के बहुमत के आंकड़े को घटा दिया था। यदि मोदी यहां आते तो इसका चुनावी फायदा मिलना तय था।

एंपेनेल्ड हुए 24 लेकिन अभी केवल 4 आईएएस अधिकारी सचिव बने

केंद्र सरकार में पिछले हफ्ते जो दो दर्जन आईएएस अधिकारी सचिव रैंक में एम्पैनल हुए। एम्पैनल सूची में 1992 बैच के केवल चार आईएएस अधिकारी को दस दिन के अंदर ही सचिव पद पर नियुक्ति मिल जाने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि जिस प्रकार इन चार अधिकारियों को महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी दी गई उससे यह स्पष्ट है कि यह चारों अधिकारी परिणाममूलक माने गये हैं।

एमपी के एक और आईएएस अधिकारी को केंद्र में मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

मध्य प्रदेश काडर के एक और आईएएस अधिकारी को केंद्र मे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। पंकज अग्रवाल नये ऊर्जा सचिव बनाए गए हैं। 1992 बैच के आईएएस अधिकारी अग्रवाल वर्तमान में वित्त मंत्रालय मे अपर सचिव है और अगले महीने अपनी नयी जिम्मेदारी संभालेंगे।

पिछले हफ्ते इस कालम मे भी कहा गया था कि मध्य प्रदेश के जो तीन आईएएस सचिव के लिए एम्पैनल हुए हैं उनमें से एक को बहुत जल्दी नियुक्ति मिल सकती है। और हमारी बात पर मुहर भी लग गई जब पंकज अग्रवाल को ऊर्जा सचिव पद पर नियुक्ति प्रदान की गई।

एक महीने में एमपी के दो आईएएस को केंद्र में नयी जिम्मेदारी मिलने की संभावना

मध्य प्रदेश काडर के 2007 बैच के दो आईएएस अधिकारी केंद्र में संयुक्त सचिव के पद पर एम्पैनल हुए हैं। एस के मिश्रा और संकेत भोंडवे। मिश्रा अभी वित्त मंत्रालय मे निदेशक है जबकि भोंडवे परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के पी एस है। दोनों ही अधिकारियों को एक महीने के अंदर नयी जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

मामाजी पर मंत्री भारी, मिनिस्टर साहब की जमीन होल्ड, काम नहीं आई आईपीएस की हीरोगिरी, एकतरफा प्यार में उलझे साहब

एक तो गर्मी हलाकान किए दे रही है, ऊपर से आदिपुरुष ने पारा हाई कर रखा है। लोग आदिपुरुष को बाहुबली समझकर काफी उम्मीदें बांधकर देखने गए थे, लेकिन सब टांय-टांय फुस्स हो गया। ओरिजिनल तो कुछ दिखा नहीं, उल्टे वीएफएक्स ने कबाड़ा करा दिया। फिल्म डायलॉग्स की तो खैर बात ही क्या करें। सोशल मीडिया पर लोगों ने हंगामा बरपा रखा है। हालांकि, फिल्म के लेखक ने डायलॉग्स को बदलने की बात कह दी है, लेकिन इससे क्या होने वाला है। हम तो यही कहेंगे कि भैया, रामायण पर फिल्म बनानी ही थी तो पहले रामानंद सागर की रामायण देख लेते। गुजरात के तट से टकराकर तूफान बिपरजॉय निकल गया, लेकिन आफ्टरशॉक के तौर पर कई इलाकों में जोरदार बारिश हो रही है। उधर, समान नागरिक संहिता कैसे तैयार होगी, इसके लिए आम लोगों और संगठनों से विचार-सुझाव बुलाए गए हैं। इधर, मध्य प्रदेश में सीएम के चुनाव क्षेत्र में नेहरू पार्क का नाम बदलकर मुख्यमंत्री के बेटों के नाम पर हो गया। प्रदेश में चुनावी माहौल चल रहा है। विपक्षी दल इसको हाथों-हाथ लपक लेंगे। इस बीच खबरें तो कई पकीं, कुछ पकते-पकते रह गईं, कुछ की बस खुशबू बिखरी, आप तो बस सीधे अंदर खाने चले आइए...

दो मंत्रियों ने कर दिया खेला...

दो मंत्रियों ने मामा के नाक के नीचे बड़ा खेला कर दिया, मामा को भनक तक नहीं लगी। मामला जब उजागर हुआ तो मामा खुद भी हैरान हो गए। मामला उज्जैन मास्टर प्लान का है, दो साल से मंत्रालय में अटके प्लान को रातों रात गुपचुप मंजूरी मिल गई। इसकी जानकारी ना तो बड़े साहब को दी गई और ना ही मामा को। विभाग के मुखिया से पूछताछ हुई तो मुखिया ने मंत्री का नाम बता दिया। उधर उज्जैन के मंत्री और विभागीय मंत्री की साठ-गांठ से कौड़ी मौल जमीन को करोड़ों की बनाने का खेल सामने आने के बाद मामा खासे नाराज हैं। अब बड़े साहब और मामा इस बात पर मंथन कर रहे हैं कि कैसे मंत्रियों के इस खेला को ठेला में डालकर क्षिप्रा में पटका जाए। यकीन मानिए, यदि मामा और बड़े साहब को प्लानिंग में आती है तो मंत्री सहित कई बड़े बिल्डर जरूर सड़क

पर आ जाएंगे, उनकी करोड़ों की जमीन फिर से कौड़ी मोल हो जाएगी।

अफसरों के गोलमोल जवाब से परेशान

बेचारे मामा भारी परेशान हैं, वो जी तोड़ प्रयास कर माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन रिजल्ट निगेटिव आ रहा है। आला अफसरों की भरी बैठक में मामा ने आखिर पूछ ही लिया कि प्रदेश में जनसेवा अभियान चलाकर लोगों की समस्या का निराकरण किया, फिर भी मैं जहां जाता हूं, लोग शिकायतें लेकर मिलते हैं। ऐसा क्यों...? मामा के इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया। बड़े साहब ने जरूर फटे में रफू करने का प्रयास किया कि अभियान में अफसर चिह्नित योजनाओं पर फोकस करते हैं, इससे दूसरी योजनाएं पिछड़ जाती हैं। ऐसे में लोगों की शिकायत बनी रहती है। बड़े साहब का टेक्निकल जवाब सुनकर मामा चुप हो गए। अब वो अपना दर्द बताएं भी तो कैसे? उन्हें समाधान चाहिए, लेकिन अफसर हैं कि टेक्निकल रीजन देकर उलझा देते हैं।

मंत्री जी खौफ में...

शिवराज काबिना के कद्दावर मंत्री जी इन दिनों भारी खौफ में हैं। जब से जांच एजेंसी की नजरें उन पर लगी हैं, तब से मंत्रीजी कोल्ड ड्रिंक भी फूंक-फूंक कर पी रहे हैं। इसी के चलते हाल ही में भोपाल के छान गांव में 70 एकड़ जमीन के सौदे को होल्ड पर रख दिया है। मंत्री जी ने इस जमीन का सौदा अपने होटल कारोबारी मित्र के नाम से किया था। मंत्री इस जमीन की रजिस्ट्री करवाने वाले थे कि इसी बीच उनकी हजारों एकड़ जमीन का मामला सुर्खियों में आ गया। सत्ता के मद में मंत्री ने अपने साथियों से लंबे-चौड़े पंगे ले रखे हैं, अब ये सब एक होकर मंत्री को निपटाने में लग गए हैं। बहरहाल ये तो समय ही बताएगा कि शह-मात के इस खेल में कौन बाजी मार पाता है।

धरी रह गई आईपीएस की हीरोगिरी

पुलिस महकमे में बॉडी बिल्डर और हीरो के नाम से पहचाने जाने वाले साहब इन दिनों काफी परेशान है। दरअसल, मिड कैरियर ट्रेनिंग में इन साहब को मप्र की तरफ से बड़े शहरों में पुलिस कमिश्नर सिस्टम पर प्रेजेंटेशन देने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन साहब की आधी अधूरी तैयारियों ने उन्हें हंसी का पात्र बना दिया। साहब के शुरुआती प्रेजेंटेशन में उनके बैच के अधिकारियों ने ही सीटी बजाना शुरु कर दी। साहब ने जैसे-तैसे आगे बढ़ना शुरू किया तो उनके साथी आईपीएस अफसर उनकी प्रेजेंटेशन स्किल पर हंसना दिए। हूटिंग होते देख साहब ने फास्ट फॉरवर्ड मोड में प्रेजेंटेशन पूरा किया। दरअसल, पहले ये प्रेजेंटेशन इंदौर कमिश्नर मकरंद देऊस्कर देने वाले थे। किसी कारण से वे जा नहीं पाए तो डीजीपी ने हीरो आईपीएस को जिम्मेदारी दे दी, अब प्रदेश की भद पिट गई तो मुखिया के चयन पर सवाल खड़े होने लगे।

साहब का इश्क...

विंध्य में कलेक्टरी करके मंत्रालय में लौटे एक साहब इन दिनों एकतरफा प्यार में पड़ गए हैं। साहब डिप्टी सेक्रेटरी हैं, इनके पास अतिरिक्त प्रभार एक निगम का भी प्रभार है। साहब ने पहली बार युवती को अपने सेक्शन में देखा था। बातचीत हुई तो पता चला कि सुंदरी जड़ी बूटी वाले विभाग में पदस्थ हैं। साहब इतने मंत्रमुग्ध हो गए कि अब सुंदरी को देखे बगैर बात नहीं बनती। इसके लिए साहब ने युवती के साथ अब दिन में दो बार चाय पीने का कार्यक्रम सेट कर लिया है। खबरीलाल बताते हैं कि मामला अभी एकतरफा ही है। साहब अपने प्यार को इजहार करने की हिम्मत अब तक जुटा नहीं पाए हैं। कहते हैं ना इश्क और मुश्क छिपाए नहीं छिपता, सो अब महकमे में साहब के एक तरफा के चर्चे भी आम हो गए हैं।

एडीजी 30 परसेंट

पुलिस मुख्यालय में इन दिनों एक एडीजी भारी चर्चा में हैं। दरअसल, इन साहब की पारी अब खत्म होने वाली है। यूं कह सकते हैं कि आखिरी के 6 ओवरों में साहब शतक मारने का प्रयास कर रहे हैं। इसी के चलते साहब ने सामान खरीदी में मिलने वाला 14 परसेंट कमीशन 30 परसेंट कर दिया। अब बड़े ठेकेदारों ने साहब के नए फरमान के बाद उनकी संस्था से दूरी बना ली। ठेकेदारों का कहना है कि साहब चंद महीनों के मेहमान हैं। जब क्रीज से बाहर हो जाएंगे, तब उनकी संस्था में सप्लाई करने में मैदान में उतरेंगे।

आपदा में अवसर

सतपुड़ा भवन में आग क्या लगी, आईपीएस अफसरों को आपदा में अवसर नजर आने लगा। आग की समीक्षा बैठक में आईपीएस की आवाज के साथ लय मिलाते हुए गृह विभाग के मुखिया ने कहा कि फायर बिग्रेड का पूरा जिम्मा पुलिस को दिया जाना चाहिए। ये काम नगर निगमों के बस का नहीं है। आप सोच रहे होंगे कि ये अवसर कैसे हुआ। दरअसल, इस महकमे में बड़े होटल, हॉस्पिटल, स्कूल सहित बड़ी संस्थाओं को फायर एनओसी देने का बड़ा खेला चलता है। अभी इसकी कमान नगरीय प्रशासन के पास है। पुलिस महकमा इस आपदा को अवसर बनाकर फायर महकमे की पूरी कमान चाहता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

भूमि संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

खरगोन । कलेक्टर श्रीशिवराज सिंह वर्मा को शासन कीभूमि संबंधी योजनाओं में उत्कृष्टप्रदर्शन के लिए दिल्ली में भूमिप्लेटिनम से सम्मानित कियाजाएगा। भारत सरकार के किसानकल्याण मंत्रालय द्वारा दिल्ली मेंआयोजित होने वाले कार्यक्रम मेंकलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा कोआमंत्रित किया गया है। स्वामित्वयोजना में प्रदेश के 10 पायलेटजिलो के अंतर्गत जिले में वर्ष2020 में योजना की शुरुआत हुईहै। इसमें जिले के 862 आबादीग्रामों में ड्रोन सर्वे किया गया है।इस योजना में जिले के 862 गांवोमें 171838 भूमि स्वामित्वअधिकार पत्र, 48320 शासकीयसंपत्तियों के अधिकार अभिलेखतैयार करने के अलावा इस योजनामें 373 निजी भूमि स्वामी केअभिलेख बनाये गए। वहीमुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकारयोजना के तहत जिले के 1152 पात्र परिवारों को आवासीय भू-खंडपट्टे प्रदाय किए गए है। साथ हीप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधियोजना के अंतर्गत जिले में208690 किसानों को 420.49 करोड़ मे) राशि का लाभ दिया गयाहै। वहीं मुख्यमंत्री किसान कल्याणयोजना के तहत जिले में 186664 हितग्राहियों को 186.66 करोड़राशि का लाभ प्रदान किया गया है।इन सब योजनाओं में उत्कृष्टप्रदर्शन किया गया है। अब राष्ट्रपतिद्वारा खरगोन कलेक्टर श्री शिवराजसिंह वर्मा को 18 जुलाई 23 को11 बजे नई दिल्ली के विज्ञान भवनमें भूमि प्लेटिनम सम्मान सेसम्मानित किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष ने रायसेन मंडल के बूथ 137 पर कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

बरेली 7 रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 102 वां एपिसोड को रायसेन जिले के सभी मंडलों और बूथ केन्द्रो पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुना इस बीच वार्ड नंबर 12 में रायसेन भाजपा मण्डल के बूथ क्रमांक 137 पर रायसेन जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद रायसेन जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन जन से संवाद करने की भावना का ही परिणाम है की रायसेन जिले के हर कोने में मन की बात गूंज रही और उनकी सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास की विचारधारा का ही नतीजा है कि देश का प्रत्येक व्यक्ति इस कार्यक्रम से जुड़ रहा है और उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से देश में सामाजिक चेतना आई है रायसेन जिले के भाजपा जिला से सह-मीडिया प्रभारी रोहित चौधरी ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम को बड़ी संख्या में रायसेन जिले में प्रत्येक बूथ पर लोगों ने सुन।

सिक्योरिटी गार्ड की पत्नी फंदे पर झूली

शिवपुरी - शहर के देहात थाना क्षेत्र में आने वाले देहात थाना क्षेत्र में स्थित तुलसी नगर कॉलोनी में रविवार की दोपहर एक विवाहिता फांसी के फंदे पर लटकी मिली है। बताया जा रहा है कि विवाहिता ने अपने पति और बच्चों को बाजार सब्जी लाने भेजा था।सूचना के बाद मौके पर पहुंची देहात थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतिका के पति विक्रम रावत ने बताया कि मेरी पत्नी वंदना रावत ने मुझे सुबह उठते ही पहले सब्जी लाने के लिए बाजार में भेज दिया था। बाजार से सब्जी लाकर कुछ देर ही मैं घर पर रखा था इसके बाद मेरी पत्नी ने कहा कि बच्चों के स्कूल खुलने वाले हैं इसलिए मैं उनकी बाजार में जाकर कटिंग करा कर लाऊं। मैं अपने दोनों बच्चों को लेकर बाजार में उनकी कटिंग कराने के लिए चला गया था। वापस आकर देखा पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी हुई है,मैं तत्काल अपने बच्चों के साथ देहात थाने पहुंचा था,मेरी पत्नी ने फांसी लगाकर किन कारणों से सुसाइड किया है इसका मुझे मालूम नहीं है। जानकारी के अनुसार 12 साल पहले विक्रम रावत और वंदना रावत लव मैरिज की थी,वंदना का पति विक्रम रावत एक्सिस बैंक में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता है।

खैरहा पुलिस ने जप्त किया अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर

शहडोल। अवैध रेत परिवहन के संदर्भ में थाना प्रभारी दिलीप सिंह द्वारा बताया गया देर रात क़स्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई की ग्राम मझीयार बैसहा नाला से बोडरी की ओर सिल्वर रंग का ऐसर कंपनी का ट्रैक्टर अवैध रेत का परिवहन करते हुए जा रहा है जिसपर थाना प्रभारी व उनकी टीम द्वारा जांच लगाकर ट्रैक्टर को रोका गया तो रात मे जंगल का फायदा उठाकर ड्राइवर वहां से फरार हो गया वही रेत के सम्बन्ध मे वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर मे कार्यवाही हेतु खड़ा करवाया गया और खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी जिसमे थाना प्रभारी दिलीप सिंह सहित एसआई अजय कुमार प्रधान आरक्षक रोशन आभास व रवि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मलेरिया निरोधक के संबंध में बैठक संपन्न

शहडोल - जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींकबिजुरी में जिला मलेरिया अधिकारी श्री हनुमान प्रसाद नामदेव की अध्यक्षता में मलेरिया निरोधक माह जून 2023 की बैठक सेक्टर झींकबिजुरी की ए एन एम,सी एच ओ,आशा सुपरवाईजर एवं आशा कार्यकर्ता की उपस्थिति में हुई जिसमे श्री रामचन्द्र चतुर्वेदी- एम टी एस बुढ़ार नें बताया कि वैक्टर जनित बीमारियो जैसे मलेरिया ,डेंगू चिकनगुनिया,फाइलेरिया (हाथीपांव),जापानी इनषेफलाइटिस की विस्तृत जानकारी दी गई तथा मलेरिया निरोधक माह जून में वैक्टर कन्ट्रोल एक्टिविटी, लार्वा सर्वे, लार्वा विनिषटीकरण, सप्ताह में कूलर, टंकी टायर,नांद का पानी खाली करने,स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम में बने हुए शौचालयों की टंकी में मच्छर के लार्वा को नष्ट करने हेतु जला हुआ मोबीआयल डलवाने हेतु जनमानस को जागरुक कर लार्वा को नष्ट करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा बुखार पीड़ित की आरडीके से जांच त्वरित जांच-त्वरित उपचार कर सकारात्मक मरीज पाए जाने पर नई दवा नीति के अनुसार पूर्ण मौलिक उपचार खिलाकर सकारात्मक मरीज के घर के सभी सदस्यों की आरडीके से कॉन्टेक्ट आरडीके बनाना एवं सकारात्मक मरीज की स्लाइड बनाकर उक्त मरीज की 21 दिन बाद फालोअप स्लाइड बनानें की विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें सेक्टर-झींकबिजुरी के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुस्कान द्वारा निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा

शहडोल। इस्कॉन प्रमुख नरोत्तम सेवादास द्वारा जानकारी दी गई की आगामी 20 जून को हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन के साथ शहडोल शहर में अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्ण भावनामृत संघ द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा दोपहर 3:00 बजे शिव तिराहा कमिश्नर बंगले के पीछे से होते हुए शहर के विभिन्न प्रमुख केंद्रों से होकर गुजरेगी और काली मंदिर में प्रवास पर रहेगी 9 दिनों तक काली मंदिर में संकीर्तन कीर्तन व भंडारे का कार्यक्रम रहेगा, 9 दिनों के प्रवास के पश्चात यात्रा अपने मूल स्थान शिव मंदिर में वापस होगी श्री नरोत्तम ने सभी भक्तगण से आपेक्षा की है कि वह इस रथयात्रा का सेवा भाव के साथ आनंद प्राप्त करें 7

भाजपा की कथनी और करनी का जवाब देगी जनता : संतोष चौबे

शहडोल। आम आदमी पार्टी की ओर से लोकसभा प्रभारी संतोष चौबे द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि आगामी 25 जून को आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का कार्यक्रम ग्वालियर के मेला मैदान ग्राऊंड मे रखा गया था आम आदमी पार्टी की मध्यप्रदेश मे बढ़त और भाजपा की नीव कमजोर होता देखकर 15 दिन पहले से ली गयी अनुमति को निरस्त कराकर भाजपा द्वारा अपना झूठा कार्यक्रम मेला मैदान मे उसी दिन तय कर लिया गया है भाजपा के इस तानाशाह रवाइये से सभी बखूबी वाकिफ है और इसका मुँह तोड़ जवाब देने आम आदमी पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओ सहित आगामी 1 जुलाई को मेला मैदान ग्राऊंड मे ही महारैली निकालेगी 7

डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दापाश

3 आरोपी गिरफ्तार दमोह देहात थाना पुलिस ने किया खुलासा

दमोह देहात थाना पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 03 आरोपीगण को गिरफ्तार किया दिनाँक 27.01.2023 को फरियादी मनमीज जुनैजा निवासी सिविल वार्ड 9 दमोह ने रिपोर्ट किया कि इमलाई में शारदा आटो पार्ट्स के सामने रोड पर ट्रक क्र स्क्क20 ॥क्र5973 खड़ा था जो अज्ञात चोरो द्वारा ट्रक के डीजल टैंक का ताला तोड़कर करीब 250 लीटर डीजल कीमती 23000/- रुपये का चोरी कर ले गये रिपोर्ट पर अपराध क्र 59/2023 धारा 379 ता. हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

2. दिनांक 09.06.2023 की रात्रि में प्रार्थी जितेन्द्र दुबे नि कोपरा का ट्रक क्र स्क्क34 ॥ 0544 देव दिव्या पेट्रोलपंप नरसिंहगढ़ पर खड़ा था जो अज्ञात चोरो द्वारा ट्रक के डीजल टेंक का ताला तोड़कर 250 लीटर डीजल कीमती 24000/- रुपये चोरी कर ले गये। रिपोर्ट पर थाना दमोह देहात में अपराध क्र 377/2023 धारा 379 ता. हि. पंजीबद्ध किया गया।

3. फरियादी राजकुमार गौंड निवासी कोटातला ने रिपोर्ट किया कि दिनाँक 14.05.2023 की रात्रि में इमलाई मस्जिद के पास ट्रक क्र स्क्क20 ॥क्र6921 खड़ा किया था एवं सन्मति ट्रान्सपोर्ट का ट्रक क्र स्क्क20 ॥क्र 7921 भी वहीं पर खड़ा था। रात करीब 12.30 बजे एक अज्ञात बिना नंबर की सफेद रंग की बुलेरो गाड़ी पास आकर खड़ी हुई जिसमें से चार आदमी उतरे एक आदमी हाथ में कट्टा लिये हुए था और तीन लोग अपना चेहरा ढके हुए थे जो उक्त आरोपियों द्वारा कट्टे से भय दिखाकर दोनो ट्रको के डीजल टैंक से 576.2 लीटर डीजल कीमती 54298 /- रुपये का निकालकर बुलेरो गाड़ी में रखकर ले गये। रिपोर्ट पर थाना दमोह देहात में अपराध क्र 378/23 धारा 382 ता. हि. चार अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना उपरांत की गई कार्यवाही–

मेरे द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह एवं थाना प्रभारी दमोह देहात को डीजल चोरी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशन पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठि टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की लगातार तलाश पतारसी की जा रही थी जो दिनाँक 18.06.2023 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक बुलेरो गाड़ी क्र स्क्क 18 ष्ट 7217 जिसमें 4-5 व्यक्ति बैठे है जो संदिग्ध प्रतीत हो रही है इमलाई में देखी गयी है। उक्त सूचना पर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर दविस दी गयी तो बुलेरो कार क्र स्क्क18 ष्ट 7217 दिखी जिसे घेरबंदी कर रोका जो बुलेरो गाड़ी में बैठे व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग गये। बुलेरो को चलाने वाले व्यक्ति को पकड़कर पूंछताछ की जिसने अपना नाम किशन पिता रामखिलावन चौहान (लोनिया) उम्र 26 साल निवासी परासी थाना मरवाई जिला गोरेला पेड्रा छ. ग. का होना बताया गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें एक देशी कट्टा 12 बोर का रखे मिला। कट्टा डीजल की चोरी करते

समय साथ में लिये रहते थे। आरोपी किशन से पूंछताछ करने पर अपने साथी मुकेश लोनी, देवा चौहान, कालिका चौहान, अन्नू चौहान, दुर्गेश चौहान के साथ मिलकर लगभग 6 माह पहले इमलाई से, दिनाँक 14.05.23 को मस्जिद के पास इमलाई, एवं दिनांक 09.06.23 को नरसिंहगढ़ पेट्रोलपंप के पास से ट्रकों के डीजल टैंक से डीजल चोरी करना एवं उक्त चोरी किया डीजल ग्राम निंदनी थाना पटेरा के आनंद राजपूत, एवं विक्की उर्फ विकास राजपूत को बेचना बताया। साथ ही थाना नोहटा, जबेरा, बटियागढ़ एवं तेंदूखेड़ा क्षेत्र में भी डीजल चोरी करना स्वीकार किया। जो संबंधित थानो को सूचित किया गया है। आरोपियों 1. किशन पिता रामखिलावन चौहान (लोनिया) उम्र 26 साल निवासी परासी थाना मरवाई जिला गोरेला पेड्रा छ. ग. से घटना में प्रयुक्त बोलेरो कार क्र स्क्क18 ष्ट 7217, एक देशी कट्टा 12 बोर, आरोपी आनंद पिता चन्द्रभान राजपूत उम्र 25 साल निवासी तिंदनी थाना पटेरा जिला दमोह से 20 लीटर डीजल, डीजल निकालने के उपयोग में आने वाली एक सटक, एवं 10 खाली ड्रम, आरोपी विकास उर्फ विक्की पिता अमान सिंह राजपूत उम्र 22 साल निवासी तिंदनी थाना पटेरा जिला दमोह से 05 लीटर डीजल एवं 05 खाली ड्रम विधिवत जप्त किये गये। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम

1. किशन पिता रामखिलावन चौहान (लोनिया) उम्र 26 साल निवासी परासी थाना मरवाई जिला गोरेला पेड्रा छ.ग.

2 आनंद पिता चन्द्रभान राजपूत उम्र 25 साल निवासी तिंदनी थाना पटेरा जिला दमोह 3 विकास उर्फ विक्की पिता अमान सिंह राजपूत उम्र 22 साल निवासी तिंदनी थाना पटेरा जिला दमोह फरार आरोपी -

1. मुकेश पिता रामखिलावन लोनी उम्र 25 साल निवासी लोरह जिला उमरिया
2. देवा पिता ददन चौहान निवासी परासी थाना मरवाई जिला गोरल पेड्रा छ.ग.
3. कालिका चौहान निवासी सिलपुर थाना कोतमा जिला अनूपपुर
4. अन्नू चौहान निवासी सिलपुर थाना कोतमा जिला अनूपपुर 5. दुर्गेश चौहान निवासी लोहर जिला उमरिया

प्रकरण में जप्तशूदा मशरुका -

01. एक बोलेरो कार क्र स्क्क 18 ष्ट 7217,
02. एक देशी कट्टा 12 बोर
03. 25 लीटर डीजल
04. 15 खाली ड्रम
05. डीजल निकालने के उपयोग में आने वाली एक सटक कुल कीमती लगभग 7,10,000/- रुपये

अन्य थाना क्षेत्र जहां घटना घटित की गयी

1. बटियागढ़
2. नोहटा
3. जबेरा
4. तेंदूखेड़ा

उत्कृष्ट कार्य

थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह राजपूत, उनि संजू सैयाम, प्र. आर रामगोपाल, प्र. आर मुकेश दुबे, प्रआर हेमंत, प्र. आर ऋषभ जैन, आर. राजकुमार, आर बृजेन्द्र, आसिफ, थाना दमोह देहात, प्र. आर राकेश अठ्या, प्र. आर. सौरभ टण्डन साइबर सेल दमोह, प्र. आर महेश यादव, आर. मनीष तिवारी रक्षित केन्द्र दमोह की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्हे मेरे द्वारा नगद पुरूष्कार से पुरूष्कृत किया जावेगा

सत्ता की महत्वाकांक्षा रखने वाली कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में आपसी सामंजस्य की कमी

गांधी भवन में प्रदेश प्रभारी संजय दत्त के समक्ष जमकर चले लात और जूते

खंडवा।अभिनेष सिंह। रविवार को खंडवा के गांधी भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा भेजे गए राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी संजय दत्त के समक्ष निलंबित और वरिष्ठ आक्रोशित कांग्रेसियों ने एक दूसरे पर तोहमत लगाते हुए जमकर चलाए लात-जूते वही खंडवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहन ठाकसे ने पार्टी के नेता सलीम पटेल को संजय दत्त के सामने भाजपा पसमंदा समाज का प्रदेश उपाध्यक्ष होने की बात कही साथ ही कांग्रेस के जिला प्रभारी कैलाश कुंडल पर 40-40 लाख रुपए में चारों विधानसभा में से 2 विधानसभा सीटो को बेचने का आरोप भी लगा दिया। पूर्व प्रत्याशी मोहन ठाकसे ने कहा जिले में सामाजिक आधार पर अजजा की 2 विस सीटें हैं मगर कांग्रेस के वरिष्ठों ने संगठन की नियुक्ति में भेदभाव करते हुए नियुक्त पदाधिकारियों को जिस तरह से हटाया है यह अजजा समाज का अपमान है।

खंडवा में रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी संजय दत्त ने पार्टी कार्यालय गांधी भवन में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से वन टू वन विधानसभा वार मुलाकात कर चर्चा की। खंडवा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से चर्चा करते समय पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोहन ठाकसे ने पार्टी के नेता सलीम पटेल पर भाजपा एजेंट होने का आरोप लगा दिया जिसको लेकर ठाकसे और सलीम के समर्थकों में जमकर लात जूते चले वहीं स्थानीय मीडिया ने जिला प्रभारी कैलाश कुंडल पर 40 लाख रुपए में

टिकट बेचने और मीडिया के विज्ञापन की रकम डकार जाने तक का आरोप लगाकर कई प्रश्न कर डालें साथ ही कुछ मीडिया कर्मियों द्वारा जिला प्रभारी कैलाश कुंडल को यहां तक कह डाला गया की वर्तमान में संगठन में चल रही उठापटक और विरोध को श्री कुंडल नहीं संभाल पा रहे तो त्यागपत्र दे दे इन सभी प्रश्नों के उत्तर बड़े ही सहजता से देते हुए जिला प्रभारी ने कहा यदि 40 लाख रुपए लिए हैं तो उसका सबूत सार्वजनिक किया जाए और रही बात त्यागपत्र की तो मुझे आईसीसी और प्रदेश कमेटी द्वारा नियुक्त किया गया है मैं अपना कार्य व्यवस्थित रुप से संभाल रहा हूं मुझे त्यागपत्र देने की कोई आवश्यकता नहीं। कांग्रेस के संगठन एवं चुनाव के लिए रायशुमारी के दौरान शहर अध्यक्ष डॉ मुनीष मिश्रा, अवधेश सिंह सिसोदिया, आलोक रावत, अर्ष पाठक, सुनील शकरगाएं, वीरेंद्र मिश्रा, इंदल सिंह पवार, विकास व्यास, प्रेमांशु जैन, श्याम यादव, राजू सुनगत,डॉक्टर चेन सिंह वर्मा, अमरीश पांडे सहित अन्य नेता शामिल रहे। कैलाश कुंडल जिला प्रभारी कांग्रेस - जीने तकलीफ हो रही है वही आरोप लगा रहे हैं रही बात टिकट बेचने की तो इसका जवाब मैं कैसे दूं जिन्होंने आरोप लगाया है वही सिद्ध करें।

कुंदन मालवीय, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कांग्रेस- ईश्वर इन सभी शिकायतकर्ताओं को माफ करें जब पिछली बार चुनाव लड़ा था तो कई लोगों ने कहा था की जमानत जप्त हो जाएगी बल्कि जमानत जप्त नहीं हुई रिजल्ट सभी के सामने है, वर्तमान में कांग्रेस संगठन में अनुशासनात्मक समिति की आवश्यकता है ताकि सबसे पहले कार्यकर्ता और पदाधिकारी एक दूसरे को सम्मान दे तभी आगामी रणनीतियों पर सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे।

शहर के बीचोंबीच हुई चोरी चार दिन में पकड़ी

शिवपुरी - 14 जून को शहर के हृदय स्थल माधव चौक के समीप ही पुराने बस स्टैण्ड के पास महेश्वरी किराना स्टोर के ताले टूटे हुये थे एवं दुकान से नगदी सहित कुछ किराना का सामान चोरी चला गया था। शहर के बीचों-बीच हुई यह चोरी पुलिस को चुनौती देने वाली थी। पुलिस कप्तान रघुवंश सिंह भदौरिया ने शहर में हुई इस वारदात को गंभीरता से लेते हुये अधीनस्थ स्टाफ को यथायोग्य टास्क दिये एवं व्यापारीजन को आश्वाश्त किया कि इस वारदात का शीघ्र ही खुलासा किया जावेगा। पुलिस अधीक्षक से मिले निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी अजय भार्गव के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने लगातार 20 घण्टे तक कंट्रोल रूम में सीसीटीव्ही को खंगाला एवं इसमें मिले फुटेज के आधार पर कुछ लोकल कैमरों की मदद लेकर अज्ञात चोरों के बारें में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की, तदोपरांत सायवर सैल की मदद से अज्ञात चोरों के बारें में पुलिस एक निश्चित मुकाम पर पहुंची और पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है एवं उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं अन्य जगह से चोरी किये पांच दो पहिया वाहन तथा चोरी गई रकम एवं सामान भी जप्त कर लिया है। पकडे गये आरोपियों में एक नावालिग अपचारी बालक भी है। चोरी पकड़ने में कोतवाली के उनि. दीपक पालिया, सउनि. अमृतलाल, प्रआर0 142 नरेश यादव प्रआर. 618 अवधेश कुमार, प्रआर. 26 कुलदीप शर्मा, आर. 206 भूपेन्द्र यादव, आर. 767 अजीत सिंह राजावत, आर. 248 भोले सिंह राजावत, आर. 528 महेन्द्र सिंह तोमर, आर. 709 शिवांशु यादव, आर. चालक 446 रामजी पाराशर एवं कंट्रोल रूम में पदस्थ उनि. ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत एवं आर. प्रीतम शाक्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत का कृषि मंत्री कमल पटेल ने किया वेलकम

सर्किट हाउस में उन्हीं के संग सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

हरदा /भोपाल ।कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत एक दिवसीय प्रवास पर इंदौर से हरदा पहुंचे। हरदा सर्किट हाउस पहुंचने पर कृषि मंत्री एवं किसान नेता कमल पटेल ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कृषि मंत्री कमल पटेल राज्यपाल थावरचंद गहलोत, प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सर्किट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को सुना।

एंटी भू-माफिया अभियान अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का चला बुल्डोजर

प्रशासन की कार्यवाही से गुण्डों एवं भू-माफियाओं में मचा हड़कम्प

छतरपुर। एंटी भू-माफिया अभियान अंतर्गत कलेक्टर संदीप जी.आर के निर्देशन में शनिवार की सुबह छतरपुर शहर में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। प्रशासन की एक के बाद एक कार्यवाही से गुण्डों एवं भू-माफियाओं में हड़कम्प तब मच गया जब प्रशासन का बुल्डोजर अवैध अतिक्रमण पर चला।

एडीएम नमः शिवाय अरजरिया ने बताया की जिला जेल परिषर के बगल में शासकीय नजूल भूमि पर कुख्यात बदमाश ने कब्जा करके ढाबानुमा संरचना बनाकर भूमि को किराया पर दिया था। दूसरी कार्यवाही महाराजा कॉलेज के सामने अवैध अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद संजीवनी अस्पताल को आवंटित भूमि मौजा छतरपुर एवं बकायन को अतिक्रमणकारियों से शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया। जिसको राजस्व, नगरपालिका एवं पुलिस बल की संयुक्त कार्यवाही में बुल्डोजर के माध्यम से हटाया गया है। जेल के बगल में अतिक्रमण से मुक्त भूमि पर आंगनबाड़ी केंद्र बनना प्रस्तावित है, जिसका शीघ्र निर्माण किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने की अन्य कार्यवाही जारी।

मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

रायसेन। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में राजस्व तथा पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के संबंधित राजस्व अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन कर रैंप, बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ऐसे मतदान केंद्र जहां भवन क्षतिग्रस्त हो, ऐसे केंद्र जहां 1450 से अधिक मतदाता हैं एवं ऐसे मतदान केंद्र जो 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर है,।

महाजनसंपर्क अभियान के तहत बहुपयोगी लाभार्थी सम्मेलन बहुबली लॉन में 20 को

सिवनी विधायक ने जनमानस से सम्मेलन में पहुँचकर लाभ लेने की अपील की

सिवनी- भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के गौरवपूर्ण 09 वर्ष पूर्ण होने पर एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सफलतम 13 वर्षीय कार्यकाल को लेकर जिले में चल रहे महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आगामी 20 जून मंगलवार को सिवनी विधानसभा का लाभार्थी सम्मेलन जिला मुख्यालय के बाहुबली लॉन में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित समस्त जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिती में कार्यक्रम संपन्न होगा। कार्यक्रम में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार के द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी इस सम्मेलन में आमंत्रित किये गये है, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को इस सम्मेलन में पर्यावरण का संदेश देने की पवित्र मंशा से पौधा भेंट कर प्रमाण पत्र उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भेंटकर सम्मानित किया जायेगा।

बाहुबली लॉन में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन के संयोजक श्री अग्रवाल ने बताया कि यह लाभार्थी सम्मेलन आमजनता के लिये विशेष उपयोगी बनाने के लिये लाभार्थी सम्मेलन की आयोजक टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, शासन की योजनाओं की उपयोगी जानकारी, एवं शासन के योजनाओं के वंचितो को लाभ दिलाने की मंशा से हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित विभागो के जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में स्वास्थ्य विभाग के आयुर्वेदिक, होम्योपेथिक, एलोपैथिक पैथी के मरीजो के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के लिये चिकित्सकीय विभाग की टीम एवं सेवाभावी निजी चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहेगी जो स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आवश्यक दवाईयाँ भी निःशुल्क प्रदान करेंगे। सम्मेलन में सांई नेत्रा के द्वारा निःशुल्क आँखों की जाँच की जायेगी सांई नेत्रा डॉ. योगेन्द्र पटेल ने बताया कि जाँच कर चश्में भी प्रदान किये जायेंगे एवं इसके साथ निःशुल्क मोतिबिंद के आपरेशन की व्यवस्था की जायेगी। जिसके लिये मरीज अपने पहचान संबंधी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ लेकर आये।

इस सम्मेलन में दिव्यांग व्यक्तियों का परीक्षण एवं उनके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिये कार्यवाही के लिये दस्तावेज भी लिये जायेगे, तथा आवश्यकता अनुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों को उपकरण प्रदान किये जायेगे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला मंत्री पियूष दुबे के सहयोग से आयुष्मान योजना के कार्ड बनाये जायेगे। कार्यक्रम में महिला बाल विकास, नगरपालिका के अधिकारी एवं जनपद पंचायतो के अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे जो शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित किसी कारणवश वंचित रह गये व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये पात्रता अनुसार कार्यवाही एवं सलाह प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान भी शिक्षा विभाग द्वारा किया जायेगा। सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र की आमजनता से इस बहुपयोगी सम्मेलन अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने का आग्रह किया है और बताया कि इस सम्मेलन में सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित अधिकारी कर्मचारी तो उपस्थित रहेंगे ही क्षेत्र में अन्य प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिये भी अधिकारी इस सम्मेलन में मौजूद रहेंगे।

40 लाख की शराब की नष्ट, 16 थानों के 349 प्रकरणों में पुलिस ने की कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप प्रदेश में पुलिस नशे के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन और पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार दतिया जिले के 16 थानों के 349 प्रकरणों में पुलिस ने 40 लाख रुपए कीमत की 20 हजार लीटर शराब विधिवत नष्ट की।

शराब के नष्टीकरण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त: गौरतलब है कि डीजीपी सक्सेना ने मध्य प्रदेश के समस्त थानों में बेहतर साफ-सफाई एवं रिकॉर्ड संधारण के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों के पालन में दतिया के एसपी प्रदीप शर्मा ने आबकारी एक्ट के प्रकरणों में जिले के समस्त थानों के मालखानों के पिछले कई वर्षों से लंबित पड़ी शराब के नष्टीकरण के लिए एएसपी कमल मौर्य को नोडल अधिकारी नियुक्त कर विधिवत नष्टीकरण की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। एसपी शर्मा के निर्देशों के अनुक्रम में एएसपी श्री मौर्य ने जिले के समस्त थानों से आबकारी एक्ट के प्रकरण, जिनमें माननीय न्यायालय से निर्णय हो चुका है, उनकी जानकारी प्राप्त की।इस दौरान 16 थानों के 349 प्रकरणों में 20,000 लीटर शराब जब्त कर नष्टीकरण योग्य चिन्हित की गई।

शराब को नष्ट करने के लिए दतिया के न्यायाधीश राजीव पटेल एवं मनीष पांडे और भांडेर के माननीय न्यायाधीश श्री सुमित शर्मा ने 17 जून तारीख नियत की, जिस के परिपालन में पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान एसपी श्री शर्मा ने थाना परिसर में पौधरोपण किया और इस कार्रवाई में सराहनीय भूमिका का निर्वहन करने वाली टीम को मौके पर ही पुरस्कृत किया। एसपी श्री शर्मा ने कहा कि उक्त शराब के नष्टीकरण की कार्यवाही से थाना परिसर में मालखानों का आवश्यक स्थान खाली हुआ है।

भाजपा ने हर वर्ग का सम्मान किया: गोविंद सिंह राजपूत

ग्राम भैंसा तथा झिला के शक्ति केन्द्र की बैठक में शामिल हुये राजस्व एवं परिवहन मंत्री

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

ग्राम भैंसा तथा झिला में शक्ति केन्द्र की बैठक आयोजित की गई जिसमें राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुये। राजस्व एवं परिवहन गोविंद सिंह राजपूत ने बैठक में आये सभी भाजपा के पद अधिकारी एवं बूथ प्रभारी, बीएलओ, महामंत्री एवं कार्यकर्ताओं का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नया निर्माण हुआ है 21वीं सदी का भारत अब नई सोच नई अप्रोच के साथ काम कर रहा है। श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग सम्मान किया है भाजपा ने जमीन पर काम करके दिखाया है गांव गांव में सड़कों का जाल, हर वर्ग के लिये योजनायें महिला सशक्तिकरण शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय ऐसे उदाहरण है जिससे पता चलता है कि राष्ट्रहित के बारे में जो पार्टी काम करती है वह झूठे वादे नहीं काम करके दिखाती है भाजपा ऐसी ही पार्टी है जो सबके साथ सबके विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। श्री राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश नित नये आयाम गढ़ रहा है। लाड़ली बहना योजना ने महिला सशक्तिकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है इतना ही नहीं लाड़ली बहना योजना में भविष्य में 3000 की राशि की जायेगी। राजपूत ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आवाहन करते हुये कहा कि किसी के बहकावे में ना आये विकास के लिये संकल्पित पार्टी भाजपा के साथ अपना विकास सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के साथ मंत्री श्री राजपूत ने भोजन किये।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष कमल पटेल ,राकेश दुबे सिहोरा, सुरेंद्र पप्पू राय , रण बहादुर राजपूत,गोविंद सिंह वटयावदा,अरविंद सिंह टिंकू राजा, गोलू राय शैलेंद्र श्रीवास्तव,अनिल श्रीवास्तव, विष्णु कुर्मी ,रामजी पटेल, जितेंद्र राजपूत, अमर सिंह गोविंद अहिरवार, आजाद सिंह ठाकुर ,राजू जैन, विजय कुर्मी सहित सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता बूथ प्रभारी, बीएलओ महामंत्री केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

ग्राम सेमराघाट में भी कार्यकर्ताओं की ली बैठक

भोपाल। ग्राम सेमराघाट में शक्ति केन्द्र की बैठक आयोजित की गई जिसमें राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुये। राजस्व एवं परिवहन गोविंद सिंह राजपूत ने बैठक में आये सभी भाजपा के पद अधिकारी एवं बूथ प्रभारी, बीएलओ, महामंत्री एवं कार्यकर्ताओं का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नया निर्माण हुआ है 21वीं सदी का भारत अब नई सोच नई अप्रोच के

साथ काम कर रहा है। राजपूत ने कहा कि भाजपा का आधार स्तंभ भाजपा के निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ता हैं जिनके बल पर भाजपा आज देश की ही नहीं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई है। भाजपा ने जमीन पर काम करके दिखाया है गांव गांव में सड़कों का जाल, हर वर्ग के लिये योजनायें महिला सशक्तिकरण शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निर्णय ऐसे उदाहरण है जिससे पता चलता है कि राष्ट्रहित के बारे में जो पार्टी काम करती है वह झूठे वादे नहीं काम करके दिखाती है भाजपा ऐसी ही पार्टी है जो सबके साथ सबके विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

यात्रियों को अमरनाथ यात्रा को लेकर दी जानकारी

भोपाल। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल द्वारा आज पिपलानी स्थित बी. एम. एस कार्यालय , महात्मा गांधी चौराहा , भेल भोपाल में शिविर का आयोजन किया गया ,जिसमें अगले माह अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले यात्रियों को , मंडल सदस्यों द्वारा जो कि अनेकों बार यात्रा कर चुके है ,अपने संस्मरण बताएं और यात्रियों की शंकाओं के जवाब दिए । इसके साथ साथ यात्रा के समय में क्या सावधानी की जाए , यात्रा में क्या करें ,क्या न करें ,यात्रा में अपने साथ कौन कौन से समान लेकर जाएं , की पूरी जानकारी दी गई । योग गुरु और डॉक्टर द्वारा अमरनाथ यात्रियों को सुरक्षित यात्रा पूर्ण करने के संबंध में जानकारी दी गई । इस शिविर में भोपाल शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर श्री अभिजीत देशमुख एवम पातांजली हरिद्वार से प्रशिक्षित योग गुरु श्री रामनरेश रघुवंशी जी द्वारा यात्रा के समय अचानक स्वास्थ संबंधित समस्याओं से बचाव एवम उनका निराकरण कैसे किया जाए ,इसकी जानकारी यात्रियों को दी गई । इसके साथ ही योग गुरु द्वारा योग का प्रशिक्षण भी दिया गया , पहाड़ों पर चढ़ते समय सांसों को कैसे नियंत्रित किया जाए बताया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल सचिव रिंकू भटेजा , सचिन सेवारामानी,गुड्डू अग्रवाल, योगेश श्रीवास्तव ,मनोज पांडे , रामजीत गुप्ता, प्रकाश पाटिल, शिव पाटिल, समाधान पाटील,गजेंद्र ठाकुर ,ब्रजेश पाठक, सीताशरण शर्मा, मुकेश रैकवार, राजकुमार रघुवंशी, अरुण तिवारी मनीष पवासे ,संजीव छतवाल, मोनू चौरसिया, हरबंस सिंह, राज नारायण पटेल, विजय चौधरी सहित अनेकों मंडल सदस्य हैं।

योग रत्न सम्मान समारोह के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

भोपाल। आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 18 जून रविवार को प्रात: 6 बजे 9 बजे तक पार्क में पानी के कुंड के पास भोज यूनिवर्सिटी के सामने, सामूहिक उच्चारण के साथ सबके मंगलमय स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख डॉ. फूलचंद जैन योगीराज , योगाचार्य आई बी पंत, डॉ मधुसूदन रेगे योगाचार्य गायत्री मंदिर, नवदीप अग्रवाल वरिष्ठ अधिकारी रेल्वे , डॉ रमेश टेवानी, डॉ नरेन्द्र भार्गव, निखिल गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर ए एन जी सी, सुभाष दुबे, मदन मोहन डंडोपात, डॉ चंद्रशेखर विश्वकर्मा, सुरेंद्र तिवारी, रमेश साहू, गगन देशमुख, जयंत रावत, सौरभ शर्मा, मनीषा जैन, रोहिणी शर्मा, भावना माधवानी, रेखा बत्रा, पार्वती शर्मा, कामिनी श्रीवास्तव, पूजा गुप्ता, नीलू चौहान, विमला साहू, राम नरेश रघुवंशी अजय मित्तल, रहें। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रदेश स्तर से आयें हुए सम्मानीय योगाचार्य, क्षेत्रीय रहवासी समितियों, सामाजिक संस्थाओ,व्यावसायिक संगठनों आदि के पदाधिकारियों , खेलकूद संगठनों के खिलाड़ियों , स्कूलों के होनहार बच्चों का सम्मान योग रत्न के रुप में किया गया निरंतर योग करने का संकल्प एवं राष्ट्रगान किया गया।

भोपाल। संयुक्त मानवधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा राजधानी भोपाल में प्रदेश स्तरीय सम्मान सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया जिसमे रोटरी क्लब ऑफ़ भोपाल अरेरा की अध्यक्ष अमृता तिवारी को सम्मानित किया गयाज

धोखाधडी में 20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

भोपाल । थाना चूना भट्टी पुलिस ने कोलार के करीब 80 लाख रुपए मामले मे फरार चल रहे 20 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना कोलार रोड भोपाल में फरार अभियुक्त पुरूषोत्तमदास सोनी के विरूद्ध अग्रिम विवेचना कार्यवाही हेतु डायरी थाना चूनाभट्टी भोपाल को प्राप्त हुई थी। प्रकरण के आरोपी पुरूषोत्तमदास सोनी नि एफ-2 अंकित परिसर संजना हाईट्स राजहर्ष कालोनी कोलार रोड भोपाल प्रकरण कायमी दिनांक से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अति पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस द्वारा 20000/- रू का इनाम उद्घोषित किया गया था। उक्त अपराध में आरोपी लगभग 70 लाख रूपये की धोखाधडी कर फरार चल रहा था। आरोपी की पत्नि प्रियमत सिंह को 6 जून 2023 को गिरफ्तार किया गया था।

मोदी के कामों को नीचे तक ले जाएं मोर्चा कार्यकर्ता: डॉ. कठेरिया

प्रदेश सह प्रभारी भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में हुए शामिल

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार सबका साथ और सबका विकास के मंत्र पर आगे बढते हुए हर समाज, हर वर्ग की भलाई के लिए योजनाएं चला रही है। समाज के हर तबके पर योजना का लाभ पहुंचे, इसकी जिम्मेदारी प्रशासनिक तंत्र के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की भी है। पार्टी के विभिन्न मोर्चा अपने कार्यक्षेत्र के अनुसार सरकार की योजनाओं को नीचे तक ले जाने में अपनी भूमिका निभाएं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी और सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने शनिवार को भोपाल के मानस भवन में दक्षिण पश्चिम विधानसभा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। डॉ. कठेरिया विशेष संपर्क अभियान के अंतर्गत अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। सम्मेलन को सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कलस्टर प्रभारी सुरेश आर्य ने भी संबोधित किया। डॉ. कठेरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का आज का स्वरूप जितना विशाल है, उतना ही बडा हमारा संघर्ष है। जनसंघ से हमारे विचार का बीजारोपण हुआ, जिसके बाद जनता पार्टी और भाजपा के रूप में हम आगे बढ़े। 1980 से हमारी गौरवशाली यात्रा आगे बढी है। इस यात्रा में हमारे लाखों कार्यकर्ताओं का त्याग और बलिदान शामिल है। आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बनी है तो इसके पीछे कार्यकर्ताओं की मेहनत और त्याग विद्यमान है। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के रूप में एक सक्षम नेतृत्व मिला है। मोदी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का चारों दिशाओं में विस्तार हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते हम संगठन के विस्तारीकरण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विस्तार में अलग अलग मोर्चो की महत्वपूर्ण भूमिका है। पार्टी का विचार और काम नीचे तक हर वर्ग में पहुंचे, इसके लिए पार्टी ने मोर्चो का गठन किया है। मोर्चा की ताकत बढी है। अलग अलग वर्गों से निकले पार्टी कार्यकर्ता आज देश के सर्वोच्च पदों पर आसीन है। जनजातीय वर्ग से श्रीमती द्रोपदी मुर्मू आज राष्ट्रपति है। वहीं मंडल अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष के पदों पर रहने वाले कार्यकर्ता आगे बढते हुए देश के रक्षा मंत्री और गृह मंत्री के रूप में कार्य कर रहे है।

सुख शांति भवन में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

भोपाल। आज के आपाधापी के दौर में जहां अलग-अलग प्रकार की बीमारियां बढ़ती जा रही है, तनाव मनुष्य जीवन का अविभाज्य अंग बन चुका है, संबंधों में दूरियां बढ़ रही है, मनुष्य संपूर्ण स्वास्थ्य से दूर होता जा रहा है, ऐसे समय में योग को जीवन शैली में शामिल करना यह समय की पुकार है। अगर समय रहते यह पुकार हमने नहीं सुनी तो समय हमें नष्ट कर देगा। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणा द्वारा शुरू किया गया यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इसीलिए विशेष महत्व रखता है जिससे योग के प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ती जा रही है। न केवल भारत, लेकिन दुनिया के अनेक देशों में योग की लोकप्रियता भी बढ़ती जा रही है। यह कहना था ब्रह्माकुमारीज़, सुख शांति भवन की डायरेक्टर बीके नीता दीदी का और अवसर था अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जो समय से पूर्व सुख शांति भवन में मनाया गया।वस्तुत: सारी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। लेकिन ब्रह्माकुमारीज़ संस्था में पिछले 20 वर्षों से हर महीने के तीसरे रविवार को विश्व के 140 देशों के सभी सेवा केंद्रों में विशेष रुप से सामूहिक रूप से विश्वकल्याण अर्थ राजयोग मेडिटेशन का प्रयोग किया जाता है।

एम्स अध्यक्ष डॉ. सुनील मलिक ने निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत की

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के अध्यक्ष डॉ. सुनील मलिक ने आज अस्पताल की सुविधाओं का व्यापक निरीक्षण किया। डॉ. सुनील मलिक ने (डॉ.) अजय सिंह, सीईओ और कार्यपालक निदेशक, कर्नल अजीत सिंह, उपनिदेशक प्रशासन, डॉ. शशांक पुरवार, कार्यवाहक चिकित्सा अधीक्षक, और एम्स भोपाल के अन्य अधिकारियों के साथ, व्यक्तिगत रूप से बुनियादी ढांचे का आकलन किया और रोगियों के साथ सार्थक बातचीत की।

उन्होंने एम्स भोपाल में रोगी कल्याण और चिकित्सा सेवाओं में सुधार को प्राथमिकता दी। उन्होंने अस्पताल के बुनियादी ढांचे, उपकरणों और समग्र कामकाज का आकलन करते हुए विभिन्न विभागों और वार्डों की जांच की। उनके निरीक्षण का उद्देश्य था कि चिकित्सालय में देखभाल के उच्चतम मानकों को बरकरार रखा जाए, और रोगियों को अनुकरणीय चिकित्सा सहायता प्राप्त हो। इसके अलावा, कई रोगियों को डॉ सुनील मलिक से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होनें मरीजों की प्रतिक्रियाओं, चिंताओं और समस्याओं को ध्यान से सुना। डॉ सुनील मलिक के सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण ने एम्स भोपाल के सभी रोगियों को प्रभावी चिकित्सा उपचार प्रदान करने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। इसके पश्चात डॉ. सुनील मलिक ने आउट पेशेंट विभाग (ओपीडी) में डॉक्टरों के साथ भी चर्चा की, ज्ञान-साझाकरण और चिकित्सा पेशेवरों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित किया। डॉ. सुनील मलिक ने निरंतर सुधार की महत्ता को समझते हुए एम्स भोपाल के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए अस्पताल की सुविधाओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनका सक्रिय दृष्टिकोण और मार्गदर्शन एम्स भोपाल को एक प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान के रूप में चल रहे विकास में योगदान देगा।

युवक का अपहरण कर डेढ़ करोड़ की फिरौती मांगने वाले गिरफ्तार

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिए निर्देशों के अनुक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस राज्य में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में पुलिस ने राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ थाना के बड़ोदिया तालाब से अपहरण किए गए युवक को 48 घंटे के भीतर ही अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त करने में सफलता प्राप्त की है। अपहरणकर्ताओं ने युवक को छोड़ने के एवज में उसके परिजनों से डेढ़ करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम तैयार की गई। 4 अपहरणकर्ताओं को गुना जिले के मधुसूदनगढ़ थाना के उकावत से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। वहीं अपहृत युवक को मुक्त कराने के साथ ही उसकी कार भी पुलिस ने जब्त की।

आरोपियों ने ऐसे दिया था घटना को अंजाम: भोपाल विकास प्राधिकरण में इंजीनियर शकील अहमद खान निवासी नरसिंहगढ़ हाल भोपाल के पुत्र सैयद

अदनान खान 14 जून की रात लगभग 9 बजे बड़ोदिया तालाब क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म के समीप अपनी पत्नी से फोन पर बात कर रहा थे। तभी आरोपी संतोष पिता प्रभुलाल मीणा (38), पवन पिता ज्ञान सिंह मीणा (35), सुनील पिता प्रेमनारायण मीणा (22) तीनों निवासी ग्राम जामौन्या गणेश थाना कुरावर व रामभरोस पिता कंवरलाल धाकड़ नागर (28) निवासी जामौन्या जौहार थाना कुरावर ने बलपूवर्क अपहरण कर लिया। अपहरणकर्ता अदनान की कार क्रमांक एमपी 04सीएक्स 4942 भी साथ ले गए। घटना के दौरान अपहरणकर्ता से अदनान की हुई बात को पत्नी इरम ने फोन पर सुना। उन्होंने इसकी जानकारी अपने ससुर शकील अहमद खान को दी। उन्होंने घटना की सूचना नरसिंहगढ़ थाने पर रात 1 बजे की। पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 39/2023 कायम कर मामला जांच में लिया। इसकी सूचना राजगढ़ कंट्रोल रूम के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई।

पिता को फोन कर मांगी फिरौती : अगले दिन 15 जून दोपहर तीन बजे अपहरणकर्ताओं ने अदनान के पिता शकील अहमद को फोन कर डेढ़ करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। इसकी जानकारी शकील अहमद ने पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल नरसिंहगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 341/2023 धारा 364-ए भादिव पंजीबद्ध कर अपहरणकर्ताओं की तलाश आरंभ की।

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक देहात जोन, भोपाल अभय सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक देहात रेंज, भोपाल श्रीमती मोनिका शुक्ला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजगढ़ बीरेंन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में टीम का गठन किया गया।

पुलिस ने 10 हजार का किया इनाम घोषित: पुलिस टीम ने अपहरणकर्ताओं की धरपकड़ के लिए जिले में नाकाबंदी शुरू की। अपहृत युवक के फोटो पुलिस वाट्सग्रुप में भेजे गए। इसके साथ ही सूचना तंत्र को भी सक्रिय किया गया। भोपाल, राजगढ़, सीहोर की क्राइम ब्रांच और सायबर सेल भी तत्काल सक्रिय हुआ। अपहरणकर्ताओं पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया। अपहृत युवक की पतारसी के लिए पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा एसओपी जारी की गई।

मंडला छिंदवाड़ा ट्रेन को 21 जून को दिखायेंगे हरी झण्डी केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते

छिंदवाड़ा। छिदंवाड़ा-नैनपुर ट्रेन को मण्डला तक बढाया जा रहा है, बताया जाता है कि मंडला महाराजपुर रेल्वे स्टेशन से केन्द्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते मंडला छिंदवाड़ा ट्रेन को हरी झण्डी दिखायेंगे। ट्रेन मंडला तक नहीं महाराजपुर तक जाती है फिर नर्मदा पुल को पार कर मण्डला शहर जाया जाता है।

भाजपा विस चौरई ने किया संयुक्त मोर्चा सम्मेलन

चौरई। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र के मंडल बिछुआ , चांद, कुंडा, ग्रामीण चौरई, नगर चौरई के संयुक्त मोर्चो का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे लोकसभा प्रभारी अशोक यादव, पूर्व विधायक पं रमेश दुबे, विधानसभा संयोजक प्रियवर सिंह ठाकुर ने मोर्चा अध्यक्ष पदाधिकारियों की बैठक ली। अशोक यादव ने समस्त मोर्चा अध्यक्ष और पदाधिकारियों से वन टू वन चर्चा कर संगठनात्मक दिशा निर्देश देते हुए कहा चुनावी समय है सभी चुनावी तैयारियों में जुट जाए। पूर्व विधायक श्री दुबे ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि मप्र सरकार की हितग्राही मूलक योजना के लाभार्थियों से संपर्क में जुटे साथ ही संगठन से मिले निर्देशों का भी सक्रियता से क्रियान्वयन करे। कार्यक्रम में भाजपा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरपाल इनवाती, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामसिंह पटेल, किसान मोर्चा जिला मंत्री मोहन सिंह वर्मा, मंडल अध्यक्ष बिछुआ गोलू नागरे, कमलेश वर्मा, शैलेंद्र रघुवंशी, कामेंद्र ठाकुर समेत समस्त मोर्चा अध्यक्ष पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन योजना बहाली की कर रहे मांग ,जबलपुर रैली में शामिल होंगे सैंकड़ो शिक्षक

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले से आज सैंकड़ो की संख्या में शिक्षक और अध्यापक साथी जबलपुर में होने वाली विशाल रैली कार्यक्रम में शामिल होने निकले जहां शिक्षक साथी जबलपुर में महा रैली आंदोलन के माध्यम से सरकार के समक्ष कई दिनो से चल रही मांग पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन करेंगे जिसको लेकर आज सैंकड़ो की संख्या में जिले की विभिन्न विधानसभाओ से शिक्षा विभाग के शिक्षक और शिक्षिकाए जबलपुर के लिए रवाना हुए। जो एनपीएस का विरोध कर रहे है और पुरानी पेंशन की बहाली की मांग कर रहे है ताकि पेंशन इनके बुढापे का सहारा बन सके जिसको लेकर आज शिक्षक साथी जबलपुर के लिए रवाना हुए। जिसमे अध्यापक संघ के नेता अरविंद भट्ट, रामा जी पाठे, संतोष डोंगरे,सुशील दूगड़ सहित अन्य शिक्षक यहां से रवाना हुए।

क्रिकेट लीग का समापन, नन्हे खिलाड़ी हुए पुरुस्कृत

110 खिलाड़ियों को पुरुस्कार देकर किया गया सम्मानित

छिंदवाड़ा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव आशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्थानीय इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में दिनांक 10 जून से चल रही अंडर 13 वह अंडर 15 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह व पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम कल स्थानीय इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहित ,राहुल द्विवेदी, उज्ज्वल सूर्यवंशी, पवन ऑक्टे, प्रबल सक्सेना, उत्सव बैरागी,कार्यक्रम का संचालन क्रिकेट कोच श्रांत चंदेल ने किया अंडर 13 का फाइनल मैच हनी एकादश व एकलव्य एकादश के मध्य खेला गया जिसे एकलव्य एकादश ने 10 विकेट से जीतकर खिताब अपने नाम किया। अंडर 13 की विजेता एकलव्य एकादश व उपविजेता टीम हनी एकादश, साथ ही अंडर 15 की विजेता युग एकादश व उपविजेता कृष्णा एकादश के सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मैडल अतिथियों के हस्ते देकर सम्मानित किया गया।

गलवान घाटी में शहीद हुए वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

छिंदवाड़ा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं जय जवान युवा सेना ने जून 2020 को गलवान घाटी मे हमारे एक कमांडर 20 जवान चीनी सेना के साथ जड़प मे

शहीद हुये थे।आज शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर 2 मिनट का मोन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। परिषद के अध्यक्ष सूबेदार मोहन घंगारे ने बताया की चीनी सेना ने अत्यधिक संख्या मे संघटित होकर कूट निति से पेट्रोलिंग के दौरान अचानक हमला बोल दिया इसमें हमारे कर्नल संतोष बाबू एवं 20 सैनिक शहीद हुये थे। हमारे वीर सैनिकों ने अपने देश की सुरक्षा मे अपने जान की आहुति देते देते 40 से अधिक चीनी सैनिकों को मार गिराया था। इस अवसर पर सैनिक सिताराम कतिया, परिषद के महामंत्री परमात्माप्रसाद शुक्ल,हवलदार सुरेंद्र प्रसाद मोरिया, परिषद के उपाध्यक्ष सुभाष साहू, मति किरण विश्वकर्मा,फ्लाइंग ऑफिसर हरि शर्मा एवं जय जवान युवा सेना से विकाश परतेति,कप्तान शिव कुमार उइके, जयदीप साहू, दिनेश, मोहित, अरविन्द एवं सभी सैनिक और युवा अन्य नागरिक सम्मलित रहे।

अस्पताल से घर ले जाने के लिए सरकारी शव वाहन होना चाहिये

थैली में शव ले जाने की घटना हृदय विदारक है

छिंदवाड़ा। प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक शव वाहन होना चाहिये और उसका टोल फ्री नम्बर होना चाहिये। आम जन की जब मृत्यु होती है तो उसे अस्पताल से घर या गांव तक ले जाने के लिए कोई अधिकृत शव वाहन होता नहीं है, जो सक्ष्म है वह तो प्राईवेट वाहनों में शव ले जाते है, किन्तु जो गरीब रहते है, उनके शव ले जाने की समस्या रहती है। शवों को ले जाने की कई खबरें आये दिन आती रहती है। जबलपुर मेडिकल कालेज में बच्चे की मृत्यु होने के बाद थैले में ले जाने की हृदय विदारक घटना अखबारों में प्रकाशित हुई है, निश्चित ही उस माता-पिता पर क्या गुजरी होगी, जो अपने आंसुओ को रोककर शव को बस में ले जा रहा था, बस वाले को पता चलता तो निश्चित बस कन्टेकटर उसे उतार देता। प्रदेश के मुख्यमंत्री जनहित की कई योजनायें चला रहे है, उन्हें इस ओर भी ध्यान देना चाहिये। और जिला स्तर एक शव वाहन जिला अस्पताल में खड़ा रहना चाहिये, जो शवों को नि:शुल्क घर तक पहुंचा सके। सरकार यदि शव वाहनों को नहीं रख सकता तो प्राईवेट बेन्डरो का अधिकृत कर जो शव वाहन को ले जा सके, उसका भुगतान जिला अस्पताल के माध्यम से सरकार करे।

कभी कभी देखा गया है कि जिला अस्पताल में मृत्यु हो जाती है और शव को शहर ही में घर तक ले जाने के लिए प्राईवेट वाहन लेना पड़ता है, यदि रूपये नहीं है तो रिक्शे एवं हाथ ठेले में भी शवों को ले जाते हुये देखा गया है। प्राईवेट वाहन वाले शव को ले जाने के लिए रूपए भी अधिक लेते है और वे मौके फायदा उठाते हैं और मजबूर परिवार वालों को ज्यादा रूपया देना पड़ता है।

अत: प्रदेश सरकार या राष्ट्रीय स्तर पर शव ले जाने के लिए सरकारी व्यवस्था होना चाहिये। नगरीय निकायों के पास घर से श्मशान घाट ले जाने के लिए वाहन तो मिलते है, किन्तु अस्पताल से घर तक शव ले जाने के लिए वाहन नहीं मिलते।

243 गुंडे-बदमाशों की हुई चैकिंग, 126 गिरफ्तार

पुलिस ने कांम्बिंग आपरेशन चलाया, कबाड़ियों पर भी कसा शिकंजा

छिंदवाड़ा। जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा नाईट कार्म्बिग आपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से गुंडे, बदमाशों में खौफ बना हुआ है। कार्म्बिग आपरेशन के दौरा अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की निरंतर धरपकड़ एवं अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्ति व अपराधियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने और जिले में कानून व्यवस्था व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु गत रात्री पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा, एएसपी संजीव उईके और जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी के द्वारा विशेष अभियान चलाए जाकर एक रात्रि के दौरान जिले के स्थाई वांरटी, गिरफ्तारी एवं गुंडा बदमाश , निगरी बदमाश की चेकिंग, गुम इंसान की दस्तयाबी, कबाड़ियों की चैकिंग तथा आबकारी एक्ट के विरूद्ध औचक नाईट कांम्बिंग आपरेशन चलाकर एक ही रात्री में 24 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया साथ ही 126 वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। 148 गुंडा बदमाशों की चैकिंग, 95 निगरानी बदमाशों की चैकिंग, 6 गुमइंसानों की दस्तयाबी, 58 कबाड़ियों की चैकिंग व आबकारी एक्ट के विरूद्ध 18 प्रकरण में 129 लीटर शराब जब्त की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से गुंडा बदमाशों में खौफ है रात्री में चलाए जा रहे आपरेशन से चोरियों पर भी अंकुश लगा हुआ है। साथ ही आए दिन होने वाले झगड़ों पर पुलिस के इस अभियान से लोगों में खौफ है।

खुलेआम चल रहा अवैध रेत उत्खनन का कारोबार

माफियाओं के बीच छिड़ सकती है जंग

छिंदवाड़ा। पुलिस थाना चांद क्षेत्र के सोनारी मोहगांव क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर रेत चोरी का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है इस काम में जेसीबी एवं ट्रक के माध्यम से रेत का काम खुलेआम किया जा रहा है बताया जाता है अवैध रूप से रेत उत्खनन कर का कार्य किया जा रहा है जोकि खुलेआम चल रहा है इस मामले की जानकारी खनिज विभाग के अधिकारियों एवं चांद पुलिस थाना के अधिकारियों को भी है किंतु अधिकारियों की मिलीभगत से यह कारोबार खुलेआम चल रहा है बताया जाता है कि रेत का अवैध कारोबार करने वालों कि पहुंच पकड़ ऊपर अधिकारियों तक होने के कारण इनके विरुद्ध किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है अवैध उत्खनन का कारोबार काफी लंबे समय से इस क्षेत्र में संचालित हो रहा है जिससे सरकार को नुकसान ही तो उठानी पड़ रही है तो वही क्षेत्र में आए दिन लड़ाई झगड़े भी क्षेत्र में हो रहे हैं बताया जाता है कि रेत माफियाओं के बीच आए दिन लड़ाई झगड़े का माहौल बना रहता है एवं छोटी मोटी घटनाएं भी घटित हो रही है इन माफियाओं के विरुद्ध शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में बड़ा विवाद होने की संभावना है जो कि कभी भी बड़ी घटना घटित हो सकती है इस मामले को लेकर खनिज विभाग के अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को शीघ्र ही ध्यान देकर कार्रवाई करना चाहिए ताकि सरकार को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके एवं क्षेत्र में होने वाली घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सके

हजारों राहगीर छाछ सेवा से लाभान्वित

छिंदवाड़ा। श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गौशाला द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आम लोगों को गर्मी से राहत दिलाने हेतु छाछ का वितरण किया । आयुर्वेद में छाछ की बड़ी भारी महिमा है । छाछ सेवन से गर्मी से राहत के साथ पेट के बहुत सारे रोगों से भी छुटकारा मिलता हैं। श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से जारी साढ़े तीन माह की इस सेवा का समापन किया गया । समिति द्वारा प्रति सप्ताह रविवार बस स्टैंड के सामने स्टॉल लगाकर आम लोगों को छाछ की महिमा से अवगत करवाकर छाछ का वितरण किया । इस सेवा के दौरान आश्रम से प्रकाशित आध्यात्मिक साहित्य ऋषि प्रसाद पत्रिका का भी नि:शुल्क वितरण किया । इस पत्रिका में पुज्य बापूजी के बेगुनाही के हजारों सबूतों का उल्लेख है। छाछ सेवा महाशिवरात्रि के पावन पर्व , झूलेलाल जी जयंती , श्री रामनवमी के बड़े बड़े आयोजनो में चर्चा का विषय रहा । ग्रीष्म ऋतु के दौरान लगभग 1 लाख से अधिक आम राहगीरों ने छाछ का लाभ लिया। वहीं 37 हजार से अधिक ऋषि प्रसाद पत्रिका वितरण की गई । इस प्रकार 1 लाख 37 हजार लोगो के लाभांवित होने की खबर है । इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गौशाला संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े ,एम. आर. पराडकर , विशाल चवुत्रे , अश्वनी पटेल , सुजीत सूर्यवंशी , महिला समिति से दीपा डोडानी , छाया सूर्यवंशी , डॉ. मीरा पराडकर, शकुन्तला कराडे , कृष्णा राठौड़ ,निर्मिला पटेल आदि ने अपनी-अपनी सेवाएं दी।

परिवार परामर्श केन्द्र में 11 प्रकरण दर्ज, एक में हुआ समझौता

परासिया। थाना परिसर परासिया में चल रहे परिवार परामर्श केन्द्र में शनिवार को कुल 11 प्रकरण दर्ज किए गए एक प्रकरण में समझौता कराया गया समन्वय नहीं बनने से न्यायालय जाने की सलाह दी गई शेष प्रकरणों को अगली पेशी दी गई। एक प्रकरण में पति ने बताया कि पत्नी 4वर्ष से मायके में है लेने पर भी नहीं आयी पति ने यह स्वीकार किया कि उसने शराब पीकर मारा पीटा पत्नी ने कहा कि पति शराब पीकर छोटी-छोटी बातों पर मारता पीटता है पति मां से मोबाइल पर बात नहीं करने देता तथा शक करता है पति ने गर्भावस्था में भी मारा पीटा दोनों एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे दोनों को समझाइश दी गई एवं समन्वय बनाने के लिए अगली पेशी दी गई।

छिंदवाड़ा जिले का चौरई विधानसभा क्षेत्र-

लोधी व आदिवासी बहुल क्षेत्र में रघुवंशी एवं पंडित ही रहे हैं प्रतिनिधि

छिंदवाड़ा विधानसभा से प्रस्तावित मुख्यमंत्री कमलनाथ लड़ेंगे चुनाव

गोविन्द चौरसिया

छिंदवाड़ा। इंका नेत्री प्रियंका गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने विधानसभा चुनाव का आगाज जबलपुर से कर दिया है, प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला है, कहीं कहीं क्षेत्रीय पार्टी के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में होंगे। विधानसभा चुनाव में प्रदेश की नजर छिंदवाड़ा जिले पर है,क्योकि यहां से पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का यह जिला है, वर्तमान में छिंदवाड़ा जिले की सातों विधानसभा में कांग्रेस के विधायक है, कांग्रेस कमलनाथ को मुख्यमंत्री प्रस्तुत कर चुनाव लड़ रही है, इसीलिए जिले में मतदाताओं का झुकाव कमलनाथ की ओर है, क्योकि हर कोई चाहता है कि उनके जिले का विधायक मुख्यमंत्री बने। छिंदवाड़ा विधानसभा चुनाव से कमलनाथ के पुत्र सांसद नकुलनाथ ने घोषणा कर दी है कि कमलनाथ ही छिंदवाड़ा विधानसभा से ही चुनाव लड़ेंगे।

जिले की चौरई विधानसभा सीट कृषि प्रधान एवं आदिवासी बाहुल क्षेत्र है, कांग्रेस के विधायक सुजीत चौधरी है, जिन्हें उनके पिता स्व. मेरसिंह चौधरी की विरासत में सीट मिली है। इनके प्रतिद्वन्दी भाजपा के पंडित रमेश दुबे है, जो प्रबल दावेदार है, इसके अलावा और भी प्रत्याशी दावेदार है। जिसमें भाजपा से चौधरी चन्द्रभान सिंह, शैलेन्द्र रघुवंशी, संदीप रघुवंशी, लखन वर्मा के नाम चर्चा में है। पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनाव में पंडित रमेश दुबे की मेहनत के कारण भाजपा प्रत्याशी जीते थे।

कांग्रेस से सुजीत चौधरी के अलावा पूर्व विधायक गम्भीरसिंह चौधरी, बैजू वर्मा, बंटी पटेल एवं ऋषि वर्मा प्रबल दावेदार बतायें जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार चौरई विधानसभा में 2.15 लाख मतदाता है, जिसमें 13 हजार रघुवंशी, 28 हजार लोधी, 15 हजार किरार, 40 हजार आदिवासी एवं 1 लाख 10 हजार अन्य ओबीसी के मतदाता है।

पिछले चुनावों से रघुवंशी एवं पंडित में ही मुकाबला हो रहा है, मेरसिंह चौधरी, गम्भीरसिंह चौधरी, सुजीत चौधरी से पंडित रमेश दुबे से ही मुकाबला होते रहा है पंडित रमेश दुबे ने चुनाव की तैयारी प्रारम्भ कर दी है।

इस विधानसभा चुनाव में कमलनाथ को मुख्यमंत्री प्रस्तावित कर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, भाजपा से पं. रमेश दुबे के अलावा छिंदवाड़ा से पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभान सिंह, शैलेन्द्र पटेल, संदीप रघुवंशी, व लखन वर्मा दावेदार है, संदीप रघुवंशी पिछले वर्षो से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रहे है, एवं इनके भोपाल में नेताओं व संगठन के लोगों से सीधा संबंध है।

बताया जाता है कि चुनाव सर्वे के अनुसार सुजीत चौधरी एवं पंडित दुबे में ही सीधा मुकाबला होगा। बिछुआ आदिवासी ब्लाक है, यहां से गौंडवाना के प्रत्याशी खड़े होगें जो काफी वोट लेते है।

चुनाव में इनकी निर्णायक भूमिका रहती है, आप पार्टी भी अपने प्रत्याशी खड़े करने की घोषणा कर चुके है, इसके अलावा अन्य प्रत्याशी भी मैदान में होंगे।

चुनाव की घोषणा के बाद ही प्रत्याशियों की घोषणा होगी। कांग्रेस का प्रत्याशी बदला तो विद्रोह एवं भीतर घात की संभावना कम है, जबकि भाजपा का प्रत्याशी बदलता है तो विद्रोह व भीतर घात जम कर होगा। भविष्य ही बतायेंगा कि किसे टिकट मिलेगी।

चौरई से दीपक सक्सेना भी चुनाव लड़ने के इच्छुक बताये जा रहे है

छिंदवाड़ा से कमलनाथ चुनाव लड़ेंगे इसीलिए दीपक सक्सेना को मौका नहीं मिलेगा, बताया जा रहा है कि

उन्होने चौरई विधानसभ क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। पूर्व में बनगांव निवासी इनके चाचा बैजनाथ सक्सेना भी दो बार चौरई से विधायक रह चुके है, वे मंत्री भी थे। छिंदवाड़ा से कमलनाथ चुनाव लड़ेंगे इसीलिए यहां से भाजपा का कोई प्रत्याशी चुनाव लड़ना नहीं चाहता, इसीलिए चौधरी चन्द्रभानसिंह चौरई की तरफ ध्यान दे रहे है।

चौरई विधानसभा क्षेत्र से दो रघुवंशी आमने-सामने नहीं होंगे?

बताया जाता है कि चौरई विधायक सुजीत चौधरी है,यदि चन्द्रभानसिंह को टिकट मिलती है तो कांग्रेस से प्रत्याशी बदलना जा सकता है, यदि दीपक सक्सेना को टिकट मिलती है तो पं. रमेश दुबे या चौधरी चन्द्रभानसिंह से उनका सीधा मुकाबला हो सकता है। क्षेत्र में तरह तरह की चर्चायें है, भविष्य बतायेगा कि प्रत्याशी कौन है किन्तु भाजपा एवं कांग्रेस में चुनाव की तैयारियां प्रारम्भ कर दी है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला इस्तीफा देंगे या हटाये जायेंगे ?

निगम चुनाव में जीती भाजपा

छिंदवाड़ा। नगर निगम के चुनाव में वार्ड नं. 42 में भाजपा प्रत्याशी के भारी बहुमत से जीतने एवं कांग्रेस के सभी बूथो के हारने की चर्चा नगर में जोरों पर है, वैसे वह वार्ड भाजपा का ही है, इसके पहले पूर्व प्रत्याशी राजेश भोयर विद्रोह कर 700 से ज्यादा वाटों से जीते थे और भाजपा तीसरे नम्बर पर थी, वैसे देखा जाये तो भाजपा को पिछले प्रत्याशी से कम वोट मिले हैं और कांग्रेस का वोट बड़ा है, किन्तु जो जीता वह सिकन्दर है। कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताने की जिम्मेदारी नगर कांग्रेस के अध्यक्ष ने ली थी, किन्तु कांग्रेस का प्रत्याशी गलत था, चुनाव के पहले शराब से नहाते हुये नाचने का उसका वीडियो वायरल हो गया था, जिसका असर मतदाताओं पर पड़ा, किन्तु प्रश्न यहां पर है कि कमलनाथ छिंदवाड़ा विधानसभा से चुनाव लडेंगे और वार्डसे कांग्रेस के प्रत्याशी का हारना चर्चा का विषय है, इस जीत पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी.शर्मा ने भी अपना स्टेटमेंट दिया था। बताया जाता है कि अब कांग्रेस के लोग नगर कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला से इस्तीफा मांग रहे है जबकि पंकज शुक्ला ने कहा कि इसका निर्णय कमलनाथ करें।

ग्राम पंचायत अंबाड़ा में प्रतिदिन 20 टैंकर पानी की मांग, एसडीएम कार्यालय पहुंचकर किया घेराव,

गुढ़ीअम्बाड़ा। पानी की समस्या को देखते हुए विधायक सोहन वाल्मीकि के नेतृत्व में जनपद कार्यालय परासिया में *एसडीएम निगम साहब सहित जनपद अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष जमील खान, पूर्व जनपद सदस्य अकबर अली एवं जनपद सदस्या गुलशाना अली* सहित अन्य जन प्रतिनिधियों की बैठक की गई जिसमें ग्राम पंचायत अंबाड़ा की पानी की समस्या को देखते हुए *15 टैंकर पानी पीएचई विभाग के द्वारा एवं 5 टैंकर वेकोलि प्रबंधन के द्वारा इस तरह प्रतिदिन 20 टैंकर पानी उपलब्ध कराए जाने को लेकर सहमति बनी।* साथ ही बटने वाले *पानी की गुणवत्ता की जांच को लेकर जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच एवं सचिव कि संयुक्त समिति बनाकर पानी वितरण की मॉनिटरिंग ?की जाएगी।* गौरतलब है कि विकासखंड परासिया के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंबाड़ा जहां पर पेंच जल प्रदाय योजना के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है लेकिन मंधान डैम व पेंच में पानी कम होने की वजह से पेंच के पानी की सप्लाई बंद हो गई है जिसकी वजह से अम्बाड़ा पंचायत क्षेत्र में पानी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है जिसे देखते हुए पूर्व जनपद सदस्य अकबर अली एवं जनपद सदस्या गुलशाना अली सहित अंबाड़ा के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में परासिया पहुंचे थे एवं परासिया विधायक सोहन वाल्मीक के नेतृत्व में रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर घेराव किया एवं क्षेत्र की पानी की समस्या से अवगत कराया इस दौरान जनपद सदस्या के द्वारा अम्बाड़ा पंचायत क्षेत्र के लिए प्रतिदिन 20 टैंकर पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर एसडीएम को लिखित ज्ञापन सौपा गया था।

विशेष रथ पर सवार भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकलेंगे भगवान जगन्नाथ

छिन्दवाड़ा। पुरी की तर्ज पर छिंदवाड़ा में हर साल निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा इस वर्ष भी शहर में उत्साह और उमंग के साथ निकाली जाएगी । मंगलवार 20 जून को रथ यात्रा छोटी बाजार से ही निकली जाएगी। यात्रा के आयोजक संयोजक पंडित स्पंदन दुबे ने बताया कि मंगलवार 20 जून को सुबह 10 बजे चंदन गांव स्थित वर्धमान सिटी से विशेष वाहन में सवार होकर भगवान जगन्नाथ छोटी बाजार स्थित जगन्नाथ पूजा केंद्र पर पहुंचेंगे । वहां से दोपहर 1.30 बजे यह रथयात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुंचेंगी। मंदिर में कुछ देर विश्राम करने के बाद विशेष वाहन से भगवान जगन्नाथ वापस वर्धमान सिटी पहुंचेंगे। यहां विधि विधान से उन्हें बी -57 जगन्नाथ आराधना स्थल पर भगवान को विराजित किया जाएगा। यात्रा के बाद विविध पूजा अर्चना के बाद रात 8 बजे भगवान की महाआरती होगी और उसके बाद महाप्रसाद वितरण होगा। इससे पहले 20 जून को ब्रह्म मुहूर्त में भगवान का महा स्नान कराया जाएगा। उसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और पुरी की परंपरागत वैदिक संस्कृति और नियमों के अनुसार संस्कार संपन्न कराए जाएंगे जो सुबह 10:00 बजे तक चलेंगे।ये सभी कार्यक्रम वर्धमान सिटी में सम्पन्न होंगे।

रथयात्रा का यह 9 नवां वर्ष

शहर में जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर रथ यात्रा का यह नवा वर्ष है। 2012 में छोटी बाजार स्थित जगन्नाथ आराधना केंद्र से सांकेतिक रूप से रथ यात्रा निकाली गई थी। यह आयोजन पहले पूरी तरह पारिवारिक ही होता रहा । 2015 में भगवान के नव कलेवर धारण करने के बाद शहर में उनकी यात्रा की शुरुआत विधिवत रूप से करने का निर्णय लिया गया गई जो अब तक लगातार जारी है। कोरोना के कारण लॉक डाउन में भी यह यात्रा सांकेतिक रूप से निकली गई। आयोजन परिवार से जुड़े विजय आनंद दुबे ने बताया कि जगन्नाथ महाप्रभु का प्रथम विग्रह 3 जून 1997 को लाया गया। दरअसल इसकी प्रेरणा उनकी माताजी गंगा देवी दुबे से परिवार को मिली थी। उनके आदेश पर जगन्नाथ पुरी जाकर वहां से विग्रह छिंदवाड़ा लाया गया और विधि विधान से घर में ही उनकी पूजा-अर्चना प्रारंभ की गई ।

छिंदवाड़ा। लोकसभा की विस्तारक अशोक यादव के नेतृत्व में अटल वाटिका धर्म तिकड़ी पर टिफिन पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं ने टिफिन खाना खाकर आनंद लिया

नव उत्कर्ष के 9 वर्ष

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में सशक्त, अतुल्य और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की प्रक्रिया जारी है, "सबका साथ-सबका विकास" का संकल्प लेकर मध्यप्रदेश आगे बढ़ रहा है। राष्ट्र के नवनिर्माण में मध्यप्रदेश को जिम्मेदार भूमिका देने के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार। उनकी प्रेरणा से सभी योजनाओं को मध्यप्रदेश पूरी क्षमता के साथ लागू कर, जनहित और विकास के कामों में आगे बढ़ रहा है।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

धन्यवाद प्रधानमंत्री जी

- समृद्ध कृषि-खुशहाल किसान
- कौशल विकास से बढ़ा रोज़गार, युवाओं के सपने हुए साकार
- सुशासन से सुनिश्चित हुआ जन-जन का हित
- बेहतर आपदा प्रबंधन, सुरक्षित हुआ जनजीवन
- सबल होती महिलायें बनीं प्रगति की सूत्रधार
- सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी पहुंच
- विश्व पटल पर पहचान, बढ़ता आत्मगौरव और सम्मान
- सांस्कृतिक संरक्षण का प्रण, विरासत को आगे बढ़ा रहे हम
- सुदृढ़ अधोसंरचना पर बल-मजबूत बुनियाद, बेहतर कल
- निर्धनों की सेवा और सहायता, हर जरूरतमंद को पूरी मदद

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

हर वर्ग खुशहाल, चौतरफा विकास

साथ है मोदी – शिवराज सरकार

D-11047/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023